● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 137, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार , 24 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

सरकार अमेरिकी बमबारी की निंदा करें : जयराम रमेश 5

टेस्ट क्रिकेट में राहुल-पंत के शतक 6

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पद की लालसा न रखते हुए देश की अखंडता के लिए कार्य किया: डॉ. यादव

प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मुखर्जी ने पहली बार अहसास कराया कि भारत का अभिन्न अंग है जम्मू-कश्मीर

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मुखर्जी की भाजपा कार्यालय के निकट स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र के नवनिर्माण में उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे अनेक महापुरुष हुए, जिन्होंने कभी पद की लालसा नहीं रखी और देश की एकता एवं अखंडता के लिए कार्य किया। राष्ट्रीय एकता को समर्पित डॉ. मुखर्जी ने नारा दिया था कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। उन्होंने देश को आंदोलित करते हुए स्वयं का बलिदान कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के

बलिदान दिवस पर उनके प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महान शिक्षाविद् और हमारे मार्गदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पहली बार यह अहसास कराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, देश का मोर मुकुट है। डॉ. मुखर्जी युवाकाल में कुलपति बने और उन्होंने बंगाल के कई आंदोलनों में भाग लेकर नागरिकों को बताया कि देश के विकास में हमारा योगदान किस प्रकार का होना चाहिए। डॉ. मुखर्जी जब केंद्र में आपूर्ति एवं कपड़ा मंत्री बने तो उनका हर निर्णय सराहनीय रहा। मां भारती की सेवा, लोक-कल्याण और कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए उनका मार्गदर्शन भारत के निर्माण का आधार है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को धारा 370 से मुक्ति दिलाई और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पड़ोसी देश को स्पष्ट संदेश दिया। भारत सरकार के इस फैसले के साथ देश में हर वर्ग का व्यक्ति खड़ा था। कश्मीर में 1947 में ही विकास के द्वार खुल जाने चाहिए थे। अब प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रेलवे नेटवर्क, पर्यटन और धार्मिक पर्यटन सहित अनेक क्षेत्रों में जम्मू-कश्मीर की समृद्धि के लिए कार्य किए हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ सांसद श्री वी.डी. शर्मा, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, समाजसेवी श्री हितानंद शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुरेश पचौरी, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, सर्वश्री रवींद्र यति, राहुल कोठारी सहित जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

ईरान के समर्थन में खुलकर आया रूस

पुतिन बोले- तेहरान को देंगे हरसंभव मदद, अमेरिकी हमलों की निंदा की

मॉस्को। इस्त्राइल और ईरान के बीच 10 दिनों से चल रहे संघर्ष के चलते आज दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध का खतरा बढ़ गया है। वहीं ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद रूस ने सोमवार को ईरान को हरसंभव मदद देने का वादा किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बढ़ते तनाव के बीच सोमवार रूस ने कहा है कि वह ईरान को हर तरह की मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान को किस तरह की मदद चाहिए, यह फैसला तेहरान को करना है। पेसकोव ने कहा कि हमने ईरान को मध्यस्थता की पेशकश की है। यह हमारी तरफ से एक ठोस मदद है। ईरान को जो भी जरूरत होगी, हम उसके अनुसार मदद करने को तैयार हैं।

रूस ने ईरान और इस्त्राइल के बीच चल रहे तनाव को लेकर भी अपना पक्ष साफ किया है। पेसकोव ने कहा कि रूस का यह रुख भी ईरान के लिए समर्थन का एक

अहम तरीका है। उन्होंने कहा कि हमने इस मुद्दे पर खुलकर अपना पक्ष दुनिया के सामने रखा है। यह भी ईरान के प्रति हमारे समर्थन का संकेत है। पेसकोव ने यह भी बताया कि हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत में ईरान का मुद्दा कई बार उठा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और ट्रंप की हाल की बातचीत में ईरान का जिक्र कई बार हुआ है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हुए अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोमवार को मॉस्को में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात के दौरान इन हमलों को बेवजह बताया। पुतिन ने कहा कि आप ऐसे समय रूस आए हैं जब आपके देश और पूरे क्षेत्र में हालात काफी तनावपूर्ण हैं। उन्होंने अमेरिकी हमलों को गलत ठहराते हुए कहा कि रूस ईरानी जनता की हर संभवमदद करने की कोशिश कर रहा है।

पुतिन ने आगे कहा कि हम ईरानी लोगों की मदद के लिए अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरानी विदेश मंत्री के साथ यह मुलाकात मौजूदा हालात पर गंभीर चर्चा का मौका देगी और दोनों देश मिलकर समाधान का रास्ता निकाल सकते हैं। बता दें कि, पुतिन का यह बयान उस समय आया है जब इस्त्राइल और ईरान के बीच शुरू हुआ तनाव आज वैश्विक खतरा बनने के कगार पर है।

बंगाल विधानसभा में बवाल

स्पीकर ने चार भाजपा विधायकों को किया निलंबित, विपक्ष ने लगाया मारपीट का आरोप

पश्चिम बंगाल। कोलकाता में सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष समेत चार बीजेपी विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया। इन पर अध्यक्ष के आदेशों की अवहेलना करने और कागजात फाड़ने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं।

दरअसल, गुरुवार को बीजेपी विधायक और अर्थशास्त्री अशोक लाहिरी समेत अन्य बीजेपी नेताओं की टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से हटाने को लेकर भाजपा विधायकों में नाराजगी थी। सोमवार को जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, भाजपा विधायक मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के भाषण के दौरान बार-बार बाधा डालने लगे।

अध्यक्ष ने पहले भाजपा विधायकों को अपनी सीट पर बैठने के लिए कहा, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद अध्यक्ष ने शंकर घोष, अग्निमित्रा पॉल, दीपक बर्मन और मनोज उरांव को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। बताया गया कि इन विधायकों ने मेजों पर लगे माइक तोड़ने और कागजात फाड़ने जैसी हरकतें कीं।

सदन छोड़ने से पहले अग्निमित्रा पॉल और टीएमसी विधायक असीमा पात्रा के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। हालांकि, अन्य टीएमसी विधायकों ने मामला ज्यादा बढ़ने नहीं दिया। इसके बाद विधानसभा सुरक्षा कर्मियों ने चारों भाजपा विधायकों को सदन से बाहर किया।

सपा ने तीन विधायकों को पार्टी से निकाला

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने तीन विधायकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सपा ने तीन विधायकों को पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने विधायक राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह और मनोज कुमार पांडेय पर कार्रवाई की है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी ने जानकारी दी है कि विधायक अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और मनोज कुमार पांडेय को उनकी सांप्रदायिक विभाजनकारी नकारात्मकता और किसान विरोधी, महिला विरोधी, युवा विरोधी, कारोबारी विरोधी , नौकरीपेशा विरोधी और पीडीए विरोधी विचारधारा का समर्थन करने के कारण निष्कासित कर दिया।

गुजरात-पंजाब में मिली जीत से केजरीवाल गदगद

बोले- कांग्रेस कार्यकर्ता हमारी पार्टी ज्वाइन करें

नई दिल्ली। चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने शानदार प्रदर्शन किया। पार्टी ने पंजाब और गुजरात में एक-एक सीट पर जीत हासिल कर अपनी ताकत का दिखाई। खास बात यह है कि इस जीत के बाद आप संयोजक और पूर्व दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाया और साफ कहा कि केवल आम आदमी पार्टी ही देश में भाजपा से सच्ची लड़ाई लड़

रही है। लुधियाना वेस्ट उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा की जीत पर केजरीवाल ने कहा कि पंजाब की जनता ने एक बार फिर आप सरकार के काम पर मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि लोगों ने हमारे काम पर भरोसा जताया है, यह जीत बताती है कि पंजाब में आप की सरकार जनता के हित में काम कर रही है। केजरीवाल ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और भाजपा की अंदरखाने अच्छी दोस्ती है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी से जुड़ें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास भाजपा से लड़ने की न तो नीयत है और न ही हिम्मत। केवल आम आदमी पार्टी ही देशभर में भाजपा से सीधी और ईमानदार लड़ाई लड़ रही है। गुजरात में मिली जीत को लेकर केजरीवाल ने दावा किया कि वहां अब मुकाबला सिर्फ भाजपा और आप के बीच रह गया है।

फिर प्रधानमंत्री की तारीफ में थरूर ने पढ़े कसीदे

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक स्तर पर भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा, सक्रियता और संवाद करने की इच्छाशक्ति भारत के लिए एक प्रमुख संपत्ति है। हालांकि शशि थरूर की ये टिप्पणी कांग्रेस पार्टी की आधिकारिक लाइन से मेल नहीं खाती, जो लगातार मोदी सरकार की विदेश नीति की आलोचना कर रही है। कांग्रेस नेता का यह लेख एक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की कूटनीतिक पहल को राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संप्रेषण का उदाहरण बताया।

पहलगाम हमला में गिरफ्तार आरोपियों ने एक आतंकी पहचाना

श्रीनगर। पहलगाम हमले के तीन आतंकियों में से एक की पहचान हो गई है। रविवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी की गिरफ्त में आए दो आरोपियों ने बताया है कि हमला करने वाले तीन आतंकियों में से एक का नाम सुलेमान शाह है। बाकी दो पाकिस्तानी आतंकियों के नामों का खुलासा फिलहाल नहीं किया गया है।

सुलेमान भी उसी आतंकी नेटवर्क का हिस्सा है, जिसमें वे आतंकी शामिल थे, जिनकी तस्वीर पहलगाम हमले के बाद सामने आई थी। इन आतंकियों में हाशिम मूसा, तल्हा भाई और जुनैद थे। हालांकि जुनैद पिछले साल ही एनकाउंटर में मार दिया गया था।

जुनैद के मोबाइल फोन में ही इन आतंकियों के फोटो मिले थे। उस फोटो में सुलेमान शाह की फोटो भी है, जिसे कई पीड़ित परिवारों ने पहचान भी लिया है।

पहलगाम हमले के दो महीने बाद रविवार को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया था।

पांच सीटों पर हुए उप चुनाव के नतीजे जारी

नई दिल्ली। गुजरात, पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल की की पांच सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे सोमवार को जारी किए गए। गुजरात की दो सीटों में एक पर आम आदमी और एक पर भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। वहीं पंजाब में आप, बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और केरल कांग्रेस उम्मीदवारों ने बाजी मारी है। ये उपचुनाव 19 जून को कराए गए थे।

केरल में पिनराई विजयन के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार को बड़ा झटका देते हुए कांग्रेस के यूडीएफ उम्मीदवार आर्यदान शौकत ने नीलांबुर विधानसभा उपचुनाव में एलडीएफ के सीपीआई(एम) के एम स्वराज को 11,077 मतों के बड़े अंतर से हराया। चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार, 19 राउंड की मतगणना के बाद शौकत को 77,737 वोट मिले थे, जो सीपीएम के एम स्वराज से 11,077 वोटों की बढ़त थी। यह सीट मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अगुवाई वाली वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के लिए प्रतिष्ठा से जुड़ी मानी जा रही थी। यह सीट पीवी अनवर के इस्तीफे से खाली हुई थी। भाजपा की तरफ से एडवोकेट मोहन जॉर्ज मैदान में थे।

लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में आम आदमी पार्टी जीत गई है। आप के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने पहले राउंड से बढ़त बनाए रखी जो आखिरी राउंड तक कायम रही। कांग्रेस के भारत भूषण आशु दूसरे नंबर पर रहे। भाजपा के जीवन गुप्ता को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। उपचुनाव में आप को 35179 वोट मिले। कांग्रेस के भारत भूषण आशु को 24542 मत मिले। भाजपा के जीवन गुप्ता को 20323 वोट मिले। शिअद के परउपकार सिंह घुम्मण 8203 वोट ही ले पाए। वहीं 793 लोगों ने नोटा का बटन दबाया। कडी अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट है, जो भाजपा विधायक कर्सन सोलंकी के निधन के बाद खाली हुई। भाजपा के राजेंद्र चावड़ा ने उपचुनाव में जीत दर्ज कर ली है। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को 39452 वाटों से हराया।

पेट्रोल रु 120 लीटर तक पहुंच सकता है

नई दिल्ली। ईरान की संसद ने हाल ही में अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने का प्रस्ताव पास किया है। अगर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होता है तो इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम पर पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये तेल व्यापार का अहम रास्ता है।

इस खबर के सामने आने के बाद क्रूड ऑयल के दाम बढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गए हैं। भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा इम्पोर्ट करता है। अगर क्रूड ऑयल के दाम लंबे समय तक बढ़े रहते हैं, तो तेल कंपनियों को पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने पड़ सकते हैं। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज एक तंग समुद्री रास्ता है, जो फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। ये सिर्फ 33 किलोमीटर चौड़ा है, लेकिन दुनिया का 20-25% कच्चा तेल और 25% नेचुरल गैस इसी रास्ते से गुजरती है।

सऊदी अरब, इराक, कुवैत, कतर जैसे देशों से तेल के टैंकर इसी रास्ते से दुनियाभर में जाते हैं। भारत के लिए ये रास्ता इसलिए खास है, क्योंकि हमारा 40% से ज्यादा तेल इसी रास्ते आता है।

25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में मुख्यमंत्री शामिल होंगे

भोपाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक मंगलवार, 24 जून को वाराणसी में पहली बार होने जा रही है। इस अहम बैठक में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक वाराणसी के होटल ताज में होगी। बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा, विकास, स्वास्थ्य, प्रशासनिक समन्वय और राज्यों से जुड़े विशेष मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

सूरत में 7 इंच बारिश, बाढ़ जैसे हालात, स्कूल बंद

नई दिल्ली। देश के 26 राज्यों में मानसून पहुंच चुका है। गुजरात के सूरत शहर में पिछले 24 घंटे से तेज बारिश हो रही है। सोमवार सुबह 8 बजे से 12 बजे तक चार घंटे में ही 7 इंच बारिश हुई।

सूरत में रविवार शाम को मानसून की एंट्री हुई थी। इसके बाद हुई बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जगह-जगह पानी भर गया है। सूरत प्रशासन से आज स्कूल की छुट्टी कर दी है।

सूरत में पहले दिन की बारिश ने 2006 में बाढ़ जैसे हालात की याद ताजा कर दी। साल 2006 में 7-10 अगस्त में हुई भारी बारिश से सूरत का करीब 80-95% हिस्सा डूब गया था।

इधर, मध्य प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) और ट्रफ की मौजूदगी से अगले 4 दिन तक बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहेगा, इससे भारी बारिश होगी। टीकमगढ़ में रविवार को 9 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई।

वहीं, राजस्थान के कई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। माउंट आबू में 24 घंटे में 7 इंच पानी बरसा। इसके चलते यहां कई नदियां उफान पर हैं। कई छोटे-बड़े गांवों और कस्बों का संपर्क दूसरे स्थानों से कट गया। राजस्थान में 1 जून से अब तक सामान्य से 133% ज्यादा बारिश हो चुकी है।

ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने पुतिन से मदद मांगी

इजराइल का दावा- सैकड़ों ईरानी सैनिक मारे, सीरिया में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हमला

तेहरान/तेल अवीव। इजराइल से जंग के बीच ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मदद मांगी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची मॉस्को में पुतिन से मिलने गए हैं।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक,अराकची पुतिन को खामेनेई का एक लेटर देने वाले हैं, जिसमें पुतिन से समर्थन मांगा गया है। ईरान अभी तक रूस के समर्थन से खुश नहीं है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि ईरान रूस से किस तरह की मदद चाहता है।

इधर, इजराइली सेना ने सोमवार को तेहरान में ईरानी सेना की यूनिट इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े ठिकानों पर हमले किए।

इजराइल ने इन हमलों में सैकड़ों सैनिकों के मारे जाने का दावा किया है।

सेना ने एविन जेल, इजराइल डिस्ट्रक्शन घड़ी,आईआरजीसी के बासिज फोर्स के हेडक्वार्टर और इंटरनल सिक्योरिटी हेडक्वार्टर को टारगेट किया था। इससे पहले ईरान के फोर्डो न्यूक्लियर साइट पर भी हमला किया था, जहां रविवार को अमेरिका ने बस्टर बम गिराए थे।

दूसरी तरफ, सीरिया के हसाका प्रांत में एक अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हमला हुआ है। हालांकि, यह हमला ईरान ने किया या नहीं, यह पता नहीं चला है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों के जवाब में मिडिल ईस्ट स्थित अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की योजना बना रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के उलट व्हाइट हाउस ने कहा है कि वह ईरान में शासन परिवर्तन की मांग नहीं कर रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने सोमवार शाम मीडिया से कहा, राष्ट्रपति का रुख और हमारी सैन्य स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। कैरोलिन लेविट ने कहा, राष्ट्रपति केवल एक सवाल उठा रहे हैं, जो मुझे लगता है कि दुनिया भर में कई लोग पूछ रहे हैं कि अगर ईरानी सरकार अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ने या बातचीत में शामिल होने से इनकार करती है या अगर वे आगे बढ़ने के लिए कूटनीति में शामिल होने से इनकार करते हैं, तो ईरानी लोगों को इस क्रूर आतंकवादी शासन के खिलाफ क्यों नहीं उठना चाहिए? ट्रम्प ने रविवार को ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले के बाद ईरान में सत्ता परिवर्तन के संकेत दिए थे। उन्होंने अपने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा- सत्ता परिवर्तन शब्द का इस्तेमाल करना राजनीतिक रूप से सही नहीं माना जाता, लेकिन अगर मौजूदा ईरानी सरकार ईरान को फिर से महान नहीं बना सकता, तो सत्ता परिवर्तन क्यों नहीं होना चाहिए?

जेबीटी कंपनी के कोल वाहन से अधेड़ की दर्दनाक मौत

परसौना-खुटार सड़क मार्ग की घटना, खून से लथपथ हो गई सड़क, 6 घंटे परसौना-रजमिलान सड़क मार्ग रहा बाधित, मौके पर पहुंचे सिंगरौली विधायक और महापौर

सिंगरौली। जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर स्थित परसौना में आज दिन सोमवार की सुबह तकरीबन 8ः30 पर जेबीटी कंपनी के कोल वाहन ने दूध विक्रय करने जा रहे एक बाइक सवार अधेड़ को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने परसौना-रजमिलान सड़क मार्ग पर मृतक का शव रखकर 6 घंटे तक मार्ग को अवरुद्ध रखा। ग्रामीणों का आक्रोश देखकर मौके पर सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह और ननि महापौर रानी अग्रवाल के अलावा एसडीएम सृजन वर्मा, तहसीलदार जानवी शुक्ला, सीएसपी पुन्नू सिंह परस्ते सहित कई पुलिस अधिकारी पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढ़ाढस बंधाते हुए कंपनी से सहायता राशि दिलाने की पहल की गई। लेकिन सवाल यह है कि जिला मुख्यालय से चंद कदम दूर पर 6 घंटे तक सड़क मार्ग को अवरुद्ध रखना कहीं ना कहीं पुलिसिया कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है।

जानकारी के अनुसार चाचर निवासी अन्ने लाल पाल पिता सिद्धनाथ पाल उम्र 52 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से आज दिन सोमवार की सुबह दूध लेकर बैढ़न विक्रय करने आ रहा था, जैसे ही परसौना चौराहा के पास पहुंचने वाला ही था कि पीछे से काल बनकर आ रहा जेबीटी ट्रांसपोर्ट का कोल वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 3920 ने कुचल दिया। जिससे घटनास्थल पर अन्ने लाल पाल की दर्दनाक मौत हो गई। वही पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) 281 बीएनएस के तहत मामला कायम कर लिया गया है। बताया जाता है की घटना कार्य होने के तकरीबन एक से डेढ़ घंटे तक पुलिस नहीं पहुंची थी, ऐसा परिजनों ने मीडिया के सामने आरोप लगाया। बताया जाता है कि कोल वाहन से आए दिन सड़के लाल हो रही हैं, इसके बावजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी कोई भी ठोस निर्णय नही ले रही है। अधिकारियों की कार्य प्रणाली से क्षुब्ध होकर परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक के शव को परसौना-रजमिलान सड़क मार्ग पर रखकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। बताया जाता है कि तकरीबन 6 घंटे तक चक्का जाम चला। इस चक्का जाम के चलते आवागमन पूरी तरीके से प्रतिबंध रहा और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मामला तब शांत हुआ जब सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए ढ़ाढस बंधाया और इस दुख में साथ देने की बात कही। विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल आदेशित किया कि मृतक के परिजनों को सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। विधायक के प्रयास से जेबीटी ट्रांसपोर्टर के द्वारा तत्काल 50 हजार रुपए अंत्योष्टि के लिए दिया गया और डेढ़ लाख रुपए और देने की बात कही। इसके अलावा अदानी कंपनी भी 4 लाख रुपए देने का आश्वासन दिया है। तब कहीं जाकर मुख्य मार्ग से मृतक के शव को हटाया गया और परसौना-रजमिला सड़क मार्ग को जाम से मुक्त कराया गया।

सीएसपी, टीआई रहे फेल, 6 घंटे चक्का जाम

शहर में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से लड़खड़ा गई है। पुलिस के प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्था सुधारने में नाकाम साबित हो रहे हैं। कुछ इस तरह के आरोप आज दिन सोमवार को परसौना में कोल वाहन से हुई मौत के बाद उठ रहे थे। सवाल उठना भी लाजमी है, क्योंकि आए दिन सड़क खून से लाल हो रही है और जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कोरम पूर्ति करते हुए अपनी पीठ थपथपा रहें हैं। जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर स्थित व्यस्ततम सड़क मार्ग परसौना-रजमिलान 6 घंटे अवरुद्ध रहना सीएसपी और टीआई के कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है।

लगा आरोप, इन्ट्री लेना बंद करे पुलिस

परसौना में कोल वाहन से हुई दर्दनाक मौत के मंजर को जिसने भी देखा रोष व्यक्त किया। शरीर से सिर इस तरह कुचला गया था, जैसे कोई काट दिया हो। इस विभत्स घटना से हर कोई पुलिस को कोसता नजर आ रहा था। हजारों की तादात में सड़क पर ऊतरे ग्रामीणों ने पुलिस के लचर कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे थे। आरोप लगाये जा रहे थे कि कोल वाहनों से बैढ़न से लेकर माड़ा तक पुलिस इन्ट्री वसूली करती है। जिसके चलते कोल वाहन बेलगाम होकर सड़क पर चलते हैं। हालात तब बेकाबू हो जाते हैं, जब रात 9 बजते हैं। यह कोल वाहन के चालक नशे में चूर होकर बेखौफ सड़क पर दौड़ लगाते हैं।

मॉनिटरिंग के नाम पर कोरम पूर्ति

कोल परिवहन में लगे वाहनों के लिए रफ्तार पर लगाम कसने के लिए मॉनिटरिंग टीम बनाई गई है। डगा से जब कोल वाहन कंपनी के लिए निकलते हैं तो 10 कोल वाहनों के आगे 1 बोलेरो वाहन चलती है, उसकी स्पीड निश्चित तय की गई है ताकि कोल वाहन तेज स्पीड में न चले और दुर्घटना पर लगाम कसा जा सके। लेकिन यह भी मॉनिटरिंग सिर्फ हवा हवाई साबित हो रही है और कोल वाहन बेधड़क रफ्तार से चल रहे हैं।

विगत दिवस भारी बारिश के कारण कई घरों में बरसाती पानी घुसा

वार्ड 39 पार्षद प्रतिनिधि की पहल पर ननि आयुक्त के निर्देश पर पानी की गयी निकासी, दो परिवार को शिफ्ट किया प्रधानमंत्री आवास

सिंगरौली

नगर पालिक निगम सिंगरौली राजीव वार्ड 39 टाकीज के पास संत रविदास कॉलोनी में विगत दिवस तेज बारिश होने के कारण कई घरों में बरसाती पानी घुसा था, जो कुछ घर गिर गये थे, जिसे वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित यादव के पहल पर ननि आयुक्त डीके शर्मा के निर्देश पर निगम के उपयंत्री पीके सिंह और निगम अमला द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से घरो व बस्तियों मे जमा बरसाती पानी की निकासी की गयी है।

वही आज सूखा नीम का पेड़ का डाल टपरा छत पर गिरने से बाल-बाल बचे हैं और लगभग दो परिवार जनो को घर मे रहने लायक नहीं बचा है। जिसमें राजेश साकेत पिता स्व. लालमन साकेत और दिनेश साकेत पिता पन्नालाल साकेत को फिलहाल में निवास के लिए प्रधानमंत्री आवास गनियारी-देवरा में बने आवास में घरेलू सामान के साथ नगर निगम वाहन द्वारा शिफ्ट किया जा रहा है और वही सूखा नीम पेड़ को काटकर हटाने के लिए बात कही गयी है। ताकि कोई अनहोनी न होने पाये और वही वार्ड पार्षद प्रतिनिधि व निगम के अधिकारी कर्मचारियों का सराहनीय पहल देखा गया। मौके उप स्वच्छता पर्यवेक्षक अशोक त्रिपाठी, बल्ले, निगम के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे ।

विंध्याचल में एक माह की वजन घटाने की चुनौती का हुआ सफल समापन

सिंगरौली। स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनटीपीसी विंध्याचल के वीवा क्लब द्वारा 20 मई से 20 जून तक एक महीने की वजन घटाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में कर्मचारियों और उनके परिजनों सहित कुल 120 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को सभी आयु वर्गों 30 वर्ष से कम, 30 से 45 वर्ष के बीच और 45 वर्ष से अधिक के लिए आयोजित किया गया था। जिससे यह आयोजन एक समावेशी और निष्पक्ष फिटनेस उत्सव बन गया। प्रतिभागियों के लिए नियमित योग सत्र, जोश से भरी जुम्बा कक्षाएं और विशेषज्ञ पोषण सलाह की व्यवस्था की गई। अंतिम वजन मापन और पुरस्कार वितरण 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया गया। जिससे फिटनेस और उत्सव का सुंदर समन्वय देखने को मिला। विजेताओं को एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। जिसकी शोभा ई सत्य फणि कुमार कार्यकारी निदेशक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति से बढ़ी।

महावीर कोल वासरी के पानी से जमीन हो गई बंजर

दशकों से बह रहे कोयला को लेकर एनसीएल और प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी पर खड़े हो रहे सवाल, कोल वासरी संचालन में सुरक्षा नियमों की अनदेखी

सिंगरौली

गोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत एनसीएल की गोरबी कोयला खदान संचालित है, जहां महावीर कोल वासरी कोयला धुलाई का काम दशकों से कर रहा है। काले पानी से नौढ़िया और महदेइया के लोगो की परेशानी कम होने के बजाय बढ़ गई है। महावीर कोल वासरी का गंदा पानी इतना बढ़ गया कि अब वह नाले में तब्दील हो रही है। इससे लोगों की समस्या बढ़ने के साथ-साथ जमीन भी बंजर हो रही हैं। कोल वाशरी संचालन में सुरक्षा नियमों का भी पालन नहीं हो रहा।

बता दें कि गोरबी ब्लॉक बी खदान के चलते वैसे भी इलाके में जल स्तर पाताल लोग पहुंच गया है। वहीं महावीर कोल वासरी से निकलने वाले कोयला युक्त पानी में खतरनाक रसायन होंने की चर्चा लोगों की चिंता जरूर बढ़ा रही हैं। कहते हैं कि यही वजह है कि पानी का रंग काला दिखाई देता है। गांव वालों का कहना है कि यहां पानी पीने लायक तक नहीं बचा है। अब तो ऑख धोनें के लायक भी नहीं बचा। हालांकि मजबूरी में छानकर लोग मुँह धोने के साथ पीने को भी मजबूर है। ग्रामीणों का आरोप हैं की महावीर कोल वासरी ने निकला कोयला कई एकड़ खेतों में पहुंच गया है, धूप होने पर कोयला का डस्ट पूरे इलाके में उड़कर घर और पेड़-पौधों पर पहुंच रही है।

एनसीएल और पर्यावरण विभाग की मौन सुकृत

वासरी स्थापित करने से पहले पर्यावरणीय मंजूरी लेना अनिवार्य रहता है। जिसमें वायु, जल और भूमि प्रदूषण नियंत्रण प्राप्त करना संचालक की रहती है। वासरी संचालकों पर पर्यावरण विभाग का नियंत्रण रहता है लेकिन कोल वासरी से निकला काला पानी देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिम्मेदारों ने प्रदूषण और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के प्रति कितना संजीदगी दिखाई । कई बार शिकायत होने के बाद भी एनसीएल और पर्यावरण विभाग मौन धारण किए हुए हैं। जबकि कोल वासरी संचालन में सुरक्षा नियमों का पालन करने के साथ प्रशिक्षित कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों के साथ काम कराया जाता है।

अदाणी समूह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास आयोजित

विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दो हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने दिया निरोग रहने का संदेश

सिंगरौली। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज एवं बंधौरा स्थित महान एनर्जेन लिमिटेड के कर्मचारियों द्वारा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

इस मौके पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में करीब 2000 से ज्यादा शिक्षकों, विद्यार्थियों, स्थानीय युवाओं एवं अदाणी समूह के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास के जरिये स्वस्थ शरीर और मजबूत मन के लिए लोगों को जागरूक किया। वहीं आसपास के विद्यालयों में अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से योग शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को विभिन्न योगासन करवाए गए। नगवा गांव स्थित कम्युनिटी हॉल में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और योगाभ्यास किया। इस आयोजन का उद्देश्य योग के महत्व को समझाना और जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश की एकता अखण्डता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया : राजेन्द्र

सिंगरौली। भाजपा मण्डल खुटार के शक्ति केन्द्र पोंड़ी-नौगई के अंतर्गत बूथ क्रमांक 131 परसौना में भाजपा के पितृ पुरुष, जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस कार्यक्रम विधायक कार्यालय परसौना में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम मौजूद रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश बैस, मण्डल महामंत्री अनिल कुमार दुबे एवं वरिष्ठ नागरिक हनुमान प्रसाद दुबे मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी नेता के साथ महान विचारक, विधिवेत्ता तथा मनीषी थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू कश्मीर मुद्दे पर तुष्टिकरण की नीति का विरोध करते हुए उन्होंने कहा एक देश में दो विधान, दो निशान एवं दो प्रधान नहीं चलेंगे।

पार्षद ने 4 सौ लोगों को वितरित किया छाता

सिंगरौली। बीते दिन रविवार को वॉर्ड न 38 तुलसी पार्षद अनिल कुमार बैस एवं अपीलीय समिति सदस्य नगर पालिक निगम सिंगरौली द्वारा एनटीपीसी सीएसआर मद द्वारा वॉर्ड वासियों 400 से अधिक परिवारों को बारिश, धूप, गर्मी से बचने के लिए वॉर्ड के लोगों को छाता वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्षद रामगोपाल पाल, एड. अवनीश कुमार दुबे, विद्यापति शाह, अरविंद कुमार बैस, बिहारी लाल विश्वकर्मा, राम भजन शाह, शीतल शाह, राजकुमार बैस सहित अन्य मौजूद रहे।

मानसून को देखते हुये निर्माणाधीन कार्य शीघ्र पूरा करें : देवेश

बारिश सीजन तक सिवरेज एवं मिट्टी के नही होंगे संबंधित कार्य, हर गरीब तक पहुंचेंगी शासन की योजनाएं

सिंगरौली। नगर पालिक निगम सिंगरौली के अध्यक्ष देवेश पाण्डेय आज दिन सोमवार को ननि अध्यक्ष कक्ष में पत्रकारों से मुखातिब होते हुये ननि क्षेत्र के विकास को लेकर कहा कि सिंगरौली ननि क्षेत्र में विकास तेजी से बढ़ रहा है। जहां विकास होता है, वहां आरोप-प्रत्यारोप चलता है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि इस वर्ष मानसून समय से पूर्व आ गया है। जिस तरीके से तैयारी करनी चाहिए, उस तरीके से तैयारी नही हो पाई थी, लेकिन मैदानी अमला मानसून को देखते हुये अपनी तैयारी कर ली है। शहर में बारिश के चलते कई जगह नालियां जाम हो गई थी, लोगों के घरों में पानी जा रहा था,

जल जमाव की समस्या बन रही थी। ननि अमला तेजी से काम किया और जल जमाव, नाली जहां जाम थी उसे साफ कराया। व्यवस्था में कोई कमी नही होने दिया जा रहा है। बारिश के चलते लोगों का सुझाव आया कि सड़क के किनारे पाईप लाईन, सिवरेज, गैस पाईप डालने के लिए खुदाई की जा रही है। जिसके चलते सड़क पर कीचड़ के साथ वाहन फंस रहे हैं। ननि अध्यक्ष ने सुझाव को जायज माना, तत्काल निर्देश दिये गये कि बारिश तक मिट्टी खुदाई के कार्य नही होंगे। वही श्री पाण्डेय ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधान मंत्री आवास, आयुष्मान सहित कई ऐसी योजनाएं संचालित की गई हैं। जिनका लाभ नगरीय क्षेत्र में शत-प्रतिशत आम जनता को मिल रहा है।

महानगरों की तर्ज पर सिंगरौली का होगा विकास

सिंगरौली नगर निगम क्षेत्र में विकास तेजी से बढ़ रहा है। महा नगरों के तर्ज पर सिंगरौली चहुमुखी विकास कर रहा है। मोरवा विस्थापन को लेकर ननि अध्यक्ष ने कहा कि मोरवा विस्थापन के चलते बैढ़न मुख्यालय में जनसंख्या में वृद्धि हो रही है, ऐसे में कई कॉलोनी बढ़ रही हैं। सभी कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया चल रही है। ताकि सभी कॉलोनियों का सही तरीके से विकास किया जाये। इसके लिए सरकार भी तत्पर्य है। वही स्वच्छता को लेकर कहा कि शहर में स्वच्छता को लेकर प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अलावा स्वच्छता पर भी शिकायत मिल रही है। शिकायतों का निराकरण त्वरित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस बारिश से कोई परेशान न हो, जल जमाव स्थलों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन की टीम गठित की जा रही है।

डॉक्टर मुखर्जी त्याग, तपस्या और बलिदान की प्रतिमूर्ति के साथ-साथ राष्ट्रीय एकीकरण के प्रेरणा स्रोत : सांसद

डॉक्टर मुखर्जी के सपनों को प्रधानमंत्री मोदी कर रहे सरकार : देव कुमार

भाजपा ने जिले भर में मनाया डॉक्टर मुखर्जी का बलिदान दिवस

सीधी। भारतीय जनता पार्टी और जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को भाजपा ने जिले भर में स्मृति दिवस के रूप में जिले के 1047 बूथो पर भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता और लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान और मऊगंज जिला संगठन प्रभारी के के तिवारी की विशिष्ट उपस्थिति मे मुख्य कार्यक्रम पार्टी कार्यालय में मनाया गया।

पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने डॉक्टर मुखर्जी को त्याग, तपस्या और बलिदान की प्रतिमूर्ति बताया। साथ ही सांसद डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि डा मुखर्जी लगभग 53 वर्ष की आयु में ऐसे कार्य करके गए, जिसके कारण भारत के इतिहास में उनका नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया और हम जैसे करोड़ों करोड़ कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत बन गए। डॉक्टर मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर के एकीकरण के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। डॉ मुख़र्जी पंडित नेहरू के मंत्रिमंडल में केंद्रीय मंत्री रहते हुए पंडित नेहरू की तुष्टिकरण की नीतियों के कारण त्यागपत्र देते हुए भारत माता की सेवा के लिए जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की। डाक्टर मुखर्जी का संपूर्ण जीवन प्रत्येक भारतीय को राष्ट्र हित कार्य के लिए हमेशा हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने डॉक्टर मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार डॉक्टर मुखर्जी के सपनों को साकार कर रही है।डॉक्टर मुखर्जी का सपना था कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न

अंग बने और भारत पुन: विश्व गुरु बने। इन दोनों कार्यों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार पूर्ण कर रही है। जम्मू कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति हो चुकी है। आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बना कर खड़े करेंगे।

डॉक्टर मुखर्जी का बलिदान करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत: इंद्र शरण

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान ने डॉक्टर मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉक्टर मुखर्जी का संपूर्ण जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार मुखिया प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के षड्यंत्र और उनकी नीतियां तुष्टिकरण, अलगाववाद के विरोध में डॉक्टर मुखर्जी ने केंद्रीय मंत्री के पद को त्याग कर भारत माता की सेवा का मार्ग चुना। डॉ मुख़र्जी सच्चे अर्थों में भारत माता के अमर सेनानी है।

डॉक्टर मुखर्जी के जीवन चरित्र को पढ़ें और ले प्रेरणा : के के तिवारी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मऊगंज जिले के संगठन प्रभारी के के तिवारी ने डॉक्टर मुखर्जी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात कहा कि डॉक्टर मुखर्जी का संपूर्ण जीवन चरित्र हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। हम सभी को इसको पढ़ने के पश्चात जन-जन तक पहुंचाने की जवाबदारी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार डॉक्टर मुखर्जी के सपनों को पूर्ण करें में लगी हुई है। डॉक्टर मुखर्जी के रास्ते पर चलते हुए भाजपा आज 14 करोड़ की सदस्यता वाला विश्व का सबसे बड़ा दल बन गया है।

जिले के 1047 भूतों पर डॉक्टर मुखर्जी को दी गई श्रद्धांजलि

भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष की अगुवाई और बूथो में बूथ अध्यक्षों की अध्यक्षता में जिले के 1047 बूथो पर भारत माता के अमर सपूत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद करते हुए उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने की बात कही। विभिन्न बूथो पर आयोजित कार्यक्रमों में पूर्व चुरहट विधायक और भाजपा प्रदेश महामंत्री शरदेन्दु तिवारी, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने विभिन्न बूथो पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर डॉक्टर मुखर्जी को अपनी श्रद्धांजलि दी। पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रमुख कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक, डॉ विक्रम सिंह चौहान, प्रमोद द्विवेदी, अमलेश्वर चतुर्वेदी, संदीप द्विवेदी, जिला महामंत्री विनोद साकेत, जिला मंत्री सुनीता रानी वर्मा, अमित प्रधान, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, कृष्ण कांत द्विवेदी, मोर्चा अध्यक्ष राकेश मौर्य, सोशल मीडिया जिला संयोजक जितेंद्र तिवारी,अजीत वर्मा, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, सूबेदास यादव,राजेश द्विवेदी, पुनीत नारायण शुक्ला, अभय सिंह, मुनिराज विश्वकर्मा, बाबूलाल कुशवाहा, संगीता सिंह, रन्नू साकेत, आरती सिंह चौहान सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निर्वाचक नामावली से जुड़ी जानकारी को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

सीधी। भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय और विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर टेनर्स द्वारा निर्वाचक नामावली में बीएलओ सहित आयोग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को बीएलओ को गंभीरता और जिम्मेदारी के बारे प्रशिक्षण दिया गया है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद विधानसभा के सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सुचिता के लिए मतदाता सूची एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बीएलओ भारत निर्वाचन आयोग का सबसे निचले स्तर पर एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स को विधिक प्रावधान एवं निर्वाचक नामावली प्रक्रिया, रोल प्ले, केस स्टडीज, बीएलओ ऐप एवं फॉर्म भरने के अभ्यास का आंकलन तथा शंकाओं का समाधान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सहायक अध्यापक डॉ राकेश कुमार प्रजापति, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सहायक अध्यापक डॉ राजेश साहू, विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स माध्यमिक शिक्षक दयाशंकर द्विवेदी, अरुण मिश्रा द्वारा उपस्थित विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया।

अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने पंचायत के कार्यों का किया निरीक्षण

जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को 30 जून तक पूर्ण करने के दिए निर्देश

सीधी। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा ने सीधी जिले के मझौली विकासखंड के ग्राम पंचायत तिलवारी, छुही एवं ताला का भ्रमण कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा हितग्राही मूलक योजना ओं की जानकारी प्राप्त की।भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री आवास, पेंशन योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ-साथ लोक सेवा केंद्र मझौली एवं ई-केवाईसी के कार्य का भी निरीक्षण किया गया। उपस्थित सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं पीसीओ को सभी योजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। श्री मिश्रा ने जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्प लाइन में शिकायतें दर्ज करने वाले हितग्राहियों से भी चर्चा की तथा शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। भ्रमण के दौरान जितेंद्र द्विवेदी जिला प्रबंधक लोक सेवा, डीसी आवास ब्रह्मानंद पाण्डेय, प्रभारी एसडीओ सरिता सिंह, एपीओ अशोक माथुर, बीसी आवास श्रीनिवास साकेत, उपयंत्री राघवेन्द्र द्विवेदी, सचिव तिलवारी हिमांशु गुप्ता, हरिश्चंद्र यादव ग्राम रोजगार सहायक, छुही ग्राम रोजगार सहायक अनुपम नापित भी उपस्थित रहे।

मलेरिया रोकथाम के लिए जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति एवं अंतर्विभागीय कार्यशाला का आयोजन

सीधी। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सीधी जिले में माह जून को मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है। मलेरिया के प्रभावी नियंत्रण हेतु अन्य विभाग प्रमुखों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग प्राप्त करने हेतु जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति एवं अंतर्विभागीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा नगर पालिका, महिला बाल विकास, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, राजस्व एवं ग्रामीण विकास, मत्स्य, आयुष, वन विभाग आदि को निर्देशित किया गया है कि संबंधित के क्षेत्र में कहीं भी मलेरिया या

बुखार के रोगियों की जानकारी प्राप्त होती है तो तत्काल जिला मलेरिया अधिकारी सीधी अथवा संबंधित बीएमओ को सूचना देवें, ताकि तत्काल आवश्यक प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही की जा सके। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

हरि ओम सिंह जिला मलेरिया अधिकारी सीधी द्वारा बताया गया कि ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ता से लेकर जिला स्तर तक समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में समस्त बुखार रोगियों की रैपिड डायग्नोस्टिक किट से जाँच कर, तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। जनवरी 2020 से जून 2025 तक सीधी जिले में मलेरिया प्रकरणों में तेजी से कमी आई है। जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु आमजन सीधी शहरी क्षेत्र के लिए मलेरिया टेक्नीकल सुपरवाईजर (एमटीएस) श्री गिरिजा शंकर मिश्रा मोबाइल नंबर-9039581643 से, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया के लिए श्री धीरेन्द्र मिश्रा (एमटीएस) मोबाइल नंबर-9685961919 व श्री राम निवास साकेत (एमआई) मोबाइल नंबर-8085159443 से, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझौली के लिए श्री प्रकाश जायसवाल (एमटीएस) मोबाइल नंबर-6265212959 से, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी के लिए सुभाषचन्द्र सोनी (एमटीएस) मोबाइल नंबर-6261312789 से, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिहावल के लिए श्री दीपक जायसवाल (एमटीएस) मोबाइल नंबर-7693898436 से, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर नैकिन के लिए श्री सौरभ मिश्रा (एमटीएस) मोबाइल नंबर-9752768353 से सम्पर्क कर आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकते हैं एवं मलेरिया उन्मूलन की दिशा में अपना सहयोग प्रदान करें।

बैठक में अपर कलेक्टर अंशुमन राज, संयुक्त कलेक्टर एसपी मिश्रा, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल प्रिया पाठक, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

सीधी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के कुशल मागदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री मृदुल लटौरिया द्वारा वन स्टॉप सेंटर सीधी में सोमवार दिनांक 23.06.2025 को विधिक

जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकण श्री मुकेश कुमार शिवहरे द्वारा प्रतिभागियों को घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज प्रताड़ना, यौन उत्पीडन तथा महिला राजभाषा को बढ़ावा देना हम सबकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। राजभाषा के स्वर्ण जयंती वर्ष की सभी को बधाई दी। वर्तमान समय में राजभाषा का वैश्विक पटल पर अनवरत रूप से बढ़ना अत्यंत प्रसन्नता का विषय होने की बात कही। इस दौरान पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सीधी की प्राचार्य श्रीमती अंशु त्यागी द्वारा नराकास सीधी की पत्रिका प्रकाशन का प्रस्ताव पेश रखा गया। जिसे सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में सभी बैकों शाखा प्रबंधक, विद्यालय एवं कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्व हिन्दी दिवस पर आयोजित राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार वितरण भी किया गया। मंच का संचालन नराकास सदस्य सचिव अतुल सिंह के द्वारा किया गया।

अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकादी दी गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री मृदुल लटौरिया द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता, महिला हेल्पलाईन नं. 181, नालसा हेल्पलाईन नं. 15100 तथा अन्य सरकारी सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री मृदुल लटौरिया, वन स्टॉप सेंटर की अधीक्षक श्रीमती मंजुला टिग्गा, केशवकर/काउंसलर सुश्री पुष्पलता शर्मा तथा महिलाएं एवं आमजन उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को पंप्लेट्स वितरित किए गए और उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

कृषि विभाग में धान का उच्च गुणवत्ता का बीज उपलब्ध : उप संचालक कृषि

सीधी। कृषि विभाग सीधी जिले में किसानों को खरीफ मौसम के लिए उच्च गुणवत्ता वाले धान के बीज समय पर उपलब्ध कराने हेतु संकल्पित है। इस हेतु जिले के सभी विकास खण्डों में शासकीय कृषि प्रक्षेत्र समदा जिला सीधी में उत्पादित धान की किस्म जेआर-206 (श्रत-206) का आधार बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिसकी उत्पादन अवधि 120 दिवस की है। उपरोक्त किस्म का वितरण विगत वर्ष भी किया गया था, जिसके उत्साहजनक परिणाम प्राप्त हुये थे। जून मध्य से जुलाई प्रथम सप्ताह तक बुआई का उपयुक्त समय होने के कारण किसानों से अनुरोध है कि वे समय पर बीज प्राप्त करें।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विशेष कैम्प शिविर होंगे आयोजित

सीधी। जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत 134 ग्रामों में निवास करने वाले जनजातीय वर्ग के लोगों के लिए 15 जून से 30 जून तक विशेष विकास शिविर लगाये जा रहे हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सीधी द्वारा बताया गया कि दिनांक 24 जून 2025 को जिले के सीधी, मझौली एवं कुसमी जनपद में आयोजित होने वाले शिविरों के माध्यम से सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभांवित किया जावेगा। शिविर में जनजातीय समुदाय के लोगों का आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जाति प्रमाण, जनधन योजना आदि सेवाओं का लाभ संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति में दिया जायेगा। उक्त अभियान के सफल संचालन और आम लोगों के बीच जागरूकता के लिए संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नराकास सीधी की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

सीधी। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सीधी की छमाही समीक्षा बैठक का आयोजन नराकास अध्यक्ष श्री अवध बिहारी चौधरी की अध्यक्षता में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के आरसेटी में आयोजित किया गया। बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष ने राजभाषा कार्यान्वयन में नराकास की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। सदस्य कार्यालयों को अधिक से अधिक हिन्दी में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। केन्द्रीय कर्मचारी होने के नाते

सदस्य कार्यालयों को अधिक से अधिक हिन्दी में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया

राजभाषा को बढ़ावा देना हम सबकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। राजभाषा के स्वर्ण जयंती वर्ष की सभी को बधाई दी। वर्तमान समय में राजभाषा का वैश्विक पटल पर अनवरत रूप से बढ़ना अत्यंत प्रसन्नता का विषय होने की बात

समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करायें : कलेक्टर

सीधी। समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा करें तथा प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों को निराकृत करायें। कोई भी शिकायत नॉन अटेण्डेड नहीं रहे और निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम रहे। उन्होंने कहा कि जून-25 की शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग ए-ग्रेड के लिए प्रयास करेंगे। शिकायतकर्ता से संपर्क कर उनकी वैध समस्याओं का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर ने हितग्राही मूलक योजनाओं तथा भुगतान लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि संबंधित अधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा करके राहत एवं बचाव कार्य से जुड़ी तैयारियां पूरी कर लें। बाढ़ की स्थिति में राहत शिविर लगाने के लिये स्थान के चयन से लेकर बचाव दल, राहत के उपकरण, दवाओं, खाद्य सामग्री की आपूर्ति तथा बिजली एवं पानी की व्यवस्था से जुड़ी कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। बाढ़ पर नियंत्रण के लिये समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है। बाढ़ नियंत्रण केंद्रों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए। सूचनाओं का एक दूसरे को लगातार आदान-प्रदान करते रहें। बांधों से पानी छोड़े जाने अथवा लगातार वर्षा की स्थिति में सतत संपर्क में रहें। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लें। बाढ़ से बचाव के लिये व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को जोड़ें। इस ग्रुप में गांव के कुछ व्यक्तियों तथा पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जैसे मैदानी कर्मचारियों को भी शामिल करें। समय पर सही सूचना मिलने से राहत और बचाव कार्य में आसानी होगी। आपदा प्रबंधन के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश पत्र जारी कर दिये गये हैं। इनके अनुरूप कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पर्याप्त दवाएं भण्डारित करा दें।

कलेक्टर ने सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस में ही कार्य करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर ने कहा कि क्रमबद्ध तरीके से सभी प्रमुख फाइलों को ई-ऑफिस में शिफ्ट कर उनमें कार्य करना प्रारंभ कर दें। कलेक्टर ने सभी कार्यालय प्रमुखों को जिले में किए गए स्थानांतरणों का पुन: अवलोकन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि यदि स्थानांतरण नीति के प्रावधानों का त्रुटिवश उल्लंघन हो गया है तो उसे अवश्य संज्ञान में लाएं। यदि जानबूझ कर अनियमितता की गई है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

बैठक में अपर कलेक्टर अंशुमन राज, संयुक्त कलेक्टर एसपी मिश्रा, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल प्रिया पाठक, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

संपादकीय

यह युद्ध क्यों?

इजरायल और ईरान के बीच युद्ध लगातार तेज होता जा रहा है। इस युद्ध के बाद पूरी दुनिया में खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि वो परमाणु हथियार पूरी तरह छोड़ दें। इस्राइल और ईरान के बीच का टकराव बढ़ता ही जा रहा है। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर हमले तेज करने की चेतावनी दी है। अमेरिका ने भले लड़ाई में शामिल होने का निर्णय लेने के लिए दो हफ्ते का समय तय किया था पर उसने ईरानी एटमी साइट पर बाम्बर से हमला कर ही दिया। वहीं इस्राइल का कहना है कि वह लक्ष्य हासिल होने तक नहीं रुकेगा, लेकिन क्या ऐसा संभव है? अमेरिका और इस्राइल का मानना है कि ईरान ने परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर ली है और अगर उसे नहीं रोका गया, तो खतरा पूरी दुनिया को होगा। इस्राइल ने इसी खतरे को मिटाने की बात कहकर ईरान पर हवाई हमले शुरू किए थे। लेकिन, इस लक्ष्य को लेकर सबसे बड़ा संदेह इसलिए है कि क्या वाकई ईरान एटमी पावर बनने के करीब है, क्योंकि पश्चिम के ही कई जानकारों को ऐसा नहीं लगता। इस्राइल चाहता है कि ईरान में अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत हो। हालांकि इस बात की गारंटी डॉनल्ड ट्रंप या नेतन्याहू में से कोई नहीं ले सकता कि खामेनेई को हटाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। यह कैसे कहा जा सकता है कि नई सत्ता को न्यूक्लियर ताकत बनने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी, वह भी जब उसके पास अमेरिका और इस्राइल के हिसाब से जरूरी साधन मौजूद हैं। हवाई हमलों से या जमीन पर सीधी लड़ाई लड़कर भी इन्फ्रास्ट्रक्चर को खत्म किया जा सकता है, उस तकनीकी ज्ञान को नहीं, जो ईरानी वैज्ञानिकों ने बरसों की मेहनत से हासिल की है। ऐसे में विदेशी दबाव में हुआ बदलाव अगर ईरान को और ज्यादा कट्टरता की ओर ले गया, तो अमेरिका या इस्राइल के पास क्या जवाब होगा? हकीकत में यह काम ईरानी जनता पर छोड़ना चाहिए, बदलाव की मांग वहां से उठनी चाहिए। इराक, लीबिया, सीरिया - कई उदाहरण हैं, जहां पश्चिमी ताकतों ने अपने हिसाब से बदलाव लाने का प्रयास किया।

पाकिस्तान के करीब आने के अमेरिका के कारण जो भी हों मगर यह तो साफ दिख ही रहा है कि दोनों देशों के संबंध इस समय वैश्विक सुर्खियों में हैं। यह भी देखने को मिल रहा है कि अमेरिका के बदले हुए मन से उपजे अवसरों का पूरा लाभ लेने के लिए पाकिस्तान की सरकार और सेना इस समय काफी सक्रिय नजर आ रही है। असीम मुनीर और शहबाज शरीफ को दिन-रात अरबों डॉलर के सपने ही दिख रहे हैं इसलिए वह अमेरिका की जी-हुजूरी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान की वैश्विक छवि को नया आकार देने और वॉशिंगटन के साथ संबंधों को मज़बूत करने के प्रयासों के तहत, पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल जनरल सैयद आसिम मुनीर ने अमेरिका की अपनी एक सप्ताह लंबी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई महत्वपूर्ण अमेरिकी अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं।

पाकिस्तान के इमेज मैकओवर के लिए मुनीर ने बदल डाली विदेश नीति

(नीरज कुमार दुबे)

मुनीर के अमेरिका दौरे के राजनयिक संदेश और भू-राजनीतिक संकेत की बात करें तो आपको बता दें कि इस दौरे को ऐसे समय पर देखा जा रहा है जब पाकिस्तान बड़ी वैश्विक शक्तियों के साथ अपने संबंधों को पुनर्स्थापित करने की कोशिश कर रहा है।

पाकिस्तान का फील्ड मार्शल बनने के बाद कट्टरपंथी सेनाध्यक्ष असीम मुनीर का पहला अमेरिकी दौरा पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना रहा क्योंकि इससे पहले किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने किसी देश के सेनाध्यक्ष को व्हाइट हाउस में लंच पर नहीं बुलाया था। वह भी ऐसे देश के सेनाध्यक्ष को जिसके तार अमेरिका और भारत समेत दुनिया के विभिन्न देशों में हुए तमाम आतंकवादी हमलों से सीधे जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान के करीब आने के अमेरिका के कारण जो भी हों मगर यह तो साफ दिख ही रहा है कि दोनों देशों के संबंध इस समय वैश्विक सुर्खियों में हैं। यह भी देखने को मिल रहा है कि अमेरिका के बदले हुए मन से उपजे अवसरों का पूरा लाभ लेने के लिए पाकिस्तान की सरकार और सेना इस समय काफी सक्रिय नजर आ रही है। असीम मुनीर और शहबाज शरीफ को दिन-रात अरबों डॉलर के सपने ही दिख रहे हैं इसलिए वह अमेरिका की जी-हुजूरी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान की वैश्विक छवि को नया आकार देने और वॉशिंगटन के साथ संबंधों को मज़बूत करने के प्रयासों के तहत, पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल जनरल सैयद आसिम मुनीर ने अमेरिका की अपनी एक सप्ताह लंबी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई महत्वपूर्ण अमेरिकी अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं। मुनीर ने अमेरिकी रणनीतिक विशेषज्ञों, थिंक टैंकों और अंतरराष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के अनुसार, यह दौरा एक सुनियोजित कूटनीतिक प्रयास था, जिसमें जनरल मुनीर ने वैश्विक और क्षेत्रीय हालात पर पाकिस्तान के सिद्धांत आधारित दृष्टिकोण को साझा किया। मुनीर के अमेरिका दौरे के दौरान यह बात भी उभर कर आई कि सेनाध्यक्ष ने अपने देश की विदेश नीति को ही पूरी तरह बदल कर रख दिया है। पाकिस्तान को हालांकि एक डर सता रहा है कि अमेरिका के ज्यादा करीब जाने से कहीं चीन ना नाराज हो जाये जोकि उसका मुश्किल समय का पुराना साथी है। इसीलिए पाकिस्तान ने तुरंत अपने एक वरिष्ठ अधिकारी को बीजिंग भी भेज दिया था ताकि चीन-

पाक-बांग्लादेश गठजोड़ बना कर पुराने दोस्त को दोस्ती बरकरार रहने का विश्वास दिलाया जा सके। मुनीर के अमेरिका दौरे पर और विस्तार से नजर डालें तो एक बात यह भी उभर कर आती है कि उन्होंने हाल के भारत-पाक सैन्य टकराव के दौरान पाकिस्तानी सेना के शौर्य को खूब बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। जनरल मुनीर ने पाकिस्तान की आतंकवाद विरोधी रणनीति को रेखांकित करते हुए मारका-ए-हक़ और ऑपरेशन बुंयानुम मर्सूस जैसे सैन्य अभियानों का हवाला दिया। पाकिस्तान की इमेज का मेकओवर करने के प्रयास में उन्होंने अपने देश की भूमिका को आतंक के खिलाफ वैश्विक युद्ध में अग्रणी राष्ट्र बताया और इस संघर्ष में जान गंवाने वाले सैनिकों व नागरिकों की कुर्बानियों को याद किया। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, बिना भारत का नाम लिए, उन्होंने कुछ क्षेत्रीय शक्तियों द्वारा आतंकवाद को हाइब्रिड युद्ध के औजार के रूप में इस्तेमाल करने के खिलाफ चेतावनी दी। हम आपको बता दें कि यह एक ऐसा बयान है जिसके जरिये पाकिस्तान अक्सर कूटनीतिक भाषा में भारत की ओर इशारा करता है। इसके अलावा, आर्थिक अवसरों पर जोर देते हुए मुनीर ने पाकिस्तान की आईटी, कृषि और खनिज संपदा में मौजूद निवेश के अवसरों को उजागर करते हुए इन्हें संयुक्त समृद्धि के इंजन बताया और वैश्विक निवेशकों को आमंत्रित किया। मुनीर ने अमेरिका और पाकिस्तान के बीच सुरक्षा-आधारित पारंपरिक रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी में बदलने की वकालत भी की, जिसमें आपसी सम्मान और हितों की संगति हो। साथ ही, आतंकवाद विरोधी सहयोग और आर्थिक विकास के पुराने रिश्तों को विस्तार देने की बात की। मुनीर के अमेरिका दौरे के राजनयिक संदेश और भू-राजनीतिक संकेत की बात करें तो आपको बता दें कि इस दौरे को ऐसे समय पर देखा जा रहा है जब पाकिस्तान बड़ी वैश्विक शक्तियों के साथ अपने संबंधों को पुनर्स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। भारत के अमेरिका के साथ बढ़ते सामरिक संबंध, अफगानिस्तान की अस्थिरता और आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि में, इस दौरे को पाकिस्तान की ओर से विश्वसनीय और ज़िम्मेदार क्षेत्रीय शक्ति के रूप में अपनी स्थिति पुनः स्थापित करने का प्रयास माना जा रहा है। आईएसपीआर के अनुसार, अमेरिका में विभिन्न थिंक टैंकों और विशेषज्ञों ने पाकिस्तान की खुली बातचीत और क्षेत्रीय स्थिरता में उसकी भूमिका की सराहना की। पाकिस्तान का कहना है कि मुनीर का यह दौरा आपसी विश्वास बहाली की दिशा में एक कदम माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब अमेरिका की प्राथमिकताएं इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की ओर केंद्रित हो रही हैं।

हम आपको यह भी बता दें कि एक ओर जहां मुनीर अमेरिका में मौजूद रह कर अपने देश के कूटनीतिक मिशन को आगे बढ़ा रहे थे वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिकी विदेश मंत्री से बातचीत कर अपनी सरकार का पक्ष रखा। सरकारी पाकिस्तान टीवी द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक बयान के अनुसार, शहबाज शरीफ ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। बयान में कहा गया है कि गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राष्ट्रपति की उनके साहसिक नेतृत्व के लिए प्रशंसा की और विदेश मंत्री रुबियो की सक्रिय कूटनीति की सराहना की, जिसने ''पाकिस्तान और भारत को संघर्षविराम समझौते पर पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'' शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान के बारे में राष्ट्रपति ट्रंप के सकारात्मक बयान दक्षिण एशिया में स्थायी शांति के लिए सबसे उत्साहजनक हैं, जिसे पाकिस्तान और भारत के बीच सार्थक बातचीत शुरू करके ही संभव बनाया जा सकता है। सरकारी पाकिस्तान टीवी ने कहा, ''इस संदर्भ में शहबाज शरीफ ने जम्मू-कश्मीर, सिंधु जल संधि, व्यापार और आतंकवाद से निपटने सहित सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत करने की पाकिस्तान की इच्छा दोहराई।'' बहरहाल, हम आपको बता दें कि भारत ने स्पष्ट किया है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

प्रधानमंत्री मोदी के रणनीतिक नेतृत्व में भारत ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम की नए सिरे से परिकल्?पना की है। साल 2014 से शुरू किए गए सुधारों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। 2020 में इन-स्?पेस की स्?थापना ने निजी कंपनियों को अंतरिक्ष गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया, जिससे नवाचार की लहर उठी। आज 300 से भी अधिक अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप उपग्रह बना रहे हैं, प्रक्षेपण वाहन डिजाइन कर रहे हैं तथा कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और नेविगेशन के क्षेत्र में सेवाएं देने वाले अनुप्रयोग विकसित कर रहे हैं।

हमारी खगोलीय तरक्की के शानदार ग्यारह साल

(डॉ. जितेंद्र सिंह)

केरल के थुंबा में मछली पकड़ने वाले एक शांत गांव के चर्चयार्ड से साउंडिंग रॉकेट के प्रक्षेपण के साथ शुरू हुई भारत की अंतरिक्ष यात्रा के बारे में शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि एक दिन देश इन ऊंचाइयों को छू लेगा। वह समय दृढ़ संकल्प का था, जब सितारों तक पहुंचने का सपना सीमित साधनों, पर असीम महत्वाकांक्षा के साथ परवान चढ़ा।



वह सपना विकसित होकर अब एक राष्ट्रीय मिशन का रूप अख्तियार कर चुका है और आज जब हम नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष के सफर पर गौर कर रहे हैं, तब भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में आमूल-चूल बदलाव आ चुका है। यह परिवर्तन केवल रॉकेट और उपग्रहों से संबंधित नहीं है, बल्कि यह लोगों के जीवन के बारे में है। यह दर्शाता है कि दूरदराज के गांव के किसान से लेकर डिजिटल कक्षा के छात्र तक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी किस प्रकार रोजमर्रा की जिंदगी में खामोशी से शामिल हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी के रणनीतिक नेतृत्व में भारत ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम की नए सिरे से परिकल्?पना की है। साल 2014 से शुरू किए गए सुधारों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। 2020 में इन-स्?पेस की स्?थापना ने निजी कंपनियों को अंतरिक्ष गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया, जिससे नवाचार की लहर उठी। आज 300 से भी अधिक अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप उपग्रह बना रहे हैं, प्रक्षेपण वाहन डिजाइन कर रहे हैं तथा कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और नेविगेशन के क्षेत्र में सेवाएं देने वाले अनुप्रयोग विकसित कर रहे हैं। ये स्टार्टअप प्रौद्योगिकी ही नहीं सृजित कर रहे, खासकर टियर-2 व टियर-3 शहरों में युवा इंजीनियरों और उद्यमियों के लिए रोजगार के अवसरों का भी सृजन कर रहे हैं। उदारीकृत अंतरिक्ष नीति ने अंतरिक्ष सेवाओं को अधिक किफायती व सुलभ बना दिया है, जिससे उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ जमीनी स्तर पर पहुंच रहा है।

भारतीय उपग्रह मौसम पूर्वानुमान में अहम भूमिका निभाते हैं, जिनकी बदौलत किसानों को अपनी बुवाई व कटाई-चक्र की योजना सटीकता से बनाने में मदद मिल रही है। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में उपग्रह डाटा प्रारंभिक चेतावनी और आपदा प्रतिक्रिया को सक्षम बनाता है, जिससे जीवन व आजीविका की रक्षा होती है। इसी तरह, सैटेलाइट बैंडविड्थ समर्थित ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म दूरदराज के गांवों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। बीते दशक में शुरू किए गए मिशनों ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। मंगलयान हमारी इंजीनियरिंग की उत्कृष्टता पर मुहर लगाते हुए अपने पहले ही प्रयास में मंगल पर पहुंच गया। चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट उतरा और इसके रोवर ने ऐसे प्रयोग किए, जो भविष्य के चंद्र मिशनों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेंगे। आदित्य-एल1 अब सौर तूफानों का अध्ययन कर रहा है, जिससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष के मौसम तथा संचार प्रणालियों व बिजली ग्रिड पर इसके प्रभाव को समझने में मदद मिल रही है। भविष्य पर गौर करते हुए भारत 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की योजना बना रहा है। इसका पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च होने की उम्मीद है और अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग की हाल की सफलता ने इस बड़े लक्ष्य के लिए आवश्यक तकनीक की पुष्टि की है। इस लिहाज से भारत अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान (एनजीएलवी) का विकास कर रहा है, जो पृथ्वी की निचली कक्षा में 30,000 किलोग्राम वजन ले जाने में सक्षम है।

अगले दशक पर गौर करें, तो हमारे लक्ष्य स्पष्ट हैं ‒ साल 2040 तक चालक दल के साथ चंद्रमा पर उतरना, पूरी तरह से चालू अंतरिक्ष स्टेशन, और वैश्विक अंतरिक्ष नवाचार में नेतृत्व की भूमिका। ये केवल सपने नहीं हैं, ये एक ऐसे राष्ट्र की रणनीतिक अनिवार्यताएं हैं, जिसने हमेशा समाज को बदलने के लिए विज्ञान की शक्ति में विश्वास किया है। थुंबा के साइकिल शेड से लेकर कक्षा में डॉकिंग मैन्?युवर तक, भारत की अंतरिक्ष यात्रा दृढ़ता, कल्पनाशीलता और अथक प्रयास की दास्?तान है। और अब, जब हम परिवर्तनकारी शासन के ग्यारह वर्षों का जश्न मना रहे हैं, तब हम एक ऐसे राष्ट्र का भी कीर्तिगान कर रहे हैं, जो वास्तव में सितारों तक जा पहुंचा है और उनकी रोशनी को वापस घर ले आया है। (लेखक केंद्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री है)।

वर्ग पहेली 5771

1		2		3		4	5
				6			
7	8					9	
			10		11		
12		13					14
		15					
16						17	
		18			19		

संकेत: बाएं से दाएं

1. भारत के इस राज्य की सीमा एक ओर चीन से तथा दूसरी ओर पाकिस्तान से मिलती है (5)
4. साथ, सोहबत, संपर्क, मिलन (2)
6. भारतीय संगीत शास्त्र का आरंभ इस वेद इसमें कुल 1810 ऋचाएं थी (4)
7. फोटो, चित्र (3)
9. दहलीज, भाव, मूल्य, निर्ख (2)
10. उदास, रोगग्रस्त, अप्रसन्न (4)
12. वैमनस्य, खटपट, ठनाठनी (4)
15. ये मिथिलेश के नाती थे (4)
16. सप्ताह के दिनों में से एक (4)
17. मां की बहिन के पति का मालवी में यह कहते है (2)
18. झुककर प्रणाम करता हुआ (3)
19. हुक्म की तामील करना, आदेश मानने का भाव (3)

ऊपर से नीचे

1. अभिनेता अमजद खान के अभिनेता पिता (निधन 2 जून 1975) पुराणानुसार इंद्र और शची का एक पुत्र उपेंद्र का यह नाम था (3)
2. कटि, लपेट (3)
3. केमिकल, कमियागरी, रासायनिकी (4)
4. मनोवेग, स्पर्श, अनुभूति, सहभावना (4)
5. असफल विद्रोह, बगावत (3)
8. नार्डिक देशों में सबसे बड़ा देश जिसकी राजधानी स्टॉकहोम है (3)
10. अविराम, बिना रूके, लगातार (5)
11. भारत में पहली टेलिफिल्म के निर्देशक, भगवान शिव का एक नाम (3)
12. रंज, मलाल (4)
13. शक्तिशाली, ताकतवर (4)
14. निर्जन, वीराना, एकांत (4)
17. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन (2)

वर्ग पहेली 5770 का हल

वि	य	त	ना	म		घा	त
पा		ला	ल	च	दे	ना	
श	या	श		व			
	ना	ना	ना		स	ह	ज
बा			गा		रि	वा	ज
धा	य	क			ता	म	
ही	न	ता		स		ह	
न		र	की	ब		ल	ब्ध

ईश्वर को भी भाती है मन की निर्मलता

(सुनीत अवस्थी)

जीवन सहजता का नाम है। मानव व्यवहार और विचार की विशेषता निष्कपट व्यवहार और विचार में निहित है। कपटपूर्ण व्यवहार व्यक्ति को धूर्त बनाता है। दिखावे में वह हितैषी लगता है, परंतु उस पर विश्वास सदैव अहितकर होता है। सभी विद्वान विचारक कपटी व्यक्ति से सावधान रहने की बात कहते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने कपटी लोगों की तुलना मोर से की है। जैसे मोर बाहर से देखने पर अत्यंत कोमल और आकर्षक होता है, परंतु भीतर से इतना कठोर कि बड़े-बड़े जहरीले सांपों को खा जाता है। वैसे ही कपटी लोग बाहर से चिकनी-चुपड़ी बातें करते हैं, पर वे अपने हृदय में कपट धारण करते हैं। कपटी व्यक्ति कभी किसी से प्रीतिपूर्वक नहीं मिलते। उनके मिलने में सदैव स्वार्थ और झूठी प्रशंसा होती है।

स्वयं ईश्वर को भी मन की निर्मलता भाती है। रावण ने जब अपने भाई विभीषण को अपमानित कर लंका से निकाल दिया तब भगवान श्रीराम ने शत्रु का भाई होते हुए भी विभीषण को उनके मन की निर्मलता के कारण शरण दी। संकट के समय कपटी व्यक्ति सबसे पहले साथ छोड़ जाते हैं। कपट का संबंध न स्थायी होता है और न ही कल्याणकारी ।

कपटी व्यक्ति के मन में सदैव दुराव रहता है। हितैषी दिखने का और आवश्यकता पड़ने पर साथ होने का ढोंग करने वाले ऐसे लोग कभी भी सच्ची सहायता नहीं करते। उनके मन में एक गांठ रहती है। वह गांठ कपट की होती है। जैसे गांठ पड़े बांस से बनी बांसुरी से मधुर धुन नहीं निकल सकती, वैसे ही कपटी व्यक्ति के मन की गांठ उसे सहज एवं सरस नहीं होने देती। बांसुरी से मधुर स्वर निकालने के लिए बांस का गांठ रहित होना आवश्यक है। इसी प्रकार जिस व्यक्ति के हृदय में छल-कपट रूपी गांठ नहीं पड़ी होती, उस व्यक्ति का अंतःकरण बिना गांठ की बांसुरी की तरह स्वच्छ होता है उसके व्यक्तित्व और विचार में दुराव न होकर, सहज मधुरता होती है।

आज का राशिफल

मेष
आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। मानसिक संबल मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने धैर्य और कूटनीति से विपरीत परिस्थितियों पर काबू पाएंगे। मंगल कुछ व्यर्थ के विवाद और खर्च का कारण बन सकता है, विशेषकर कानूनी या पारिवारिक मामलों में।

वृष
आज भाग्य साथ दे रहा है। राजनीतिक या प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को पद या प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत मिल सकते हैं। धन की आवक सामान्य रहेगी, लेकिन नए अनुबंधों या व्यवसायिक सौदों के कारण लंबी अवधि में बड़ा लाभ संभावित है।

मिथुन
आज दिन परेशानियों और चिंताओं वाला रहेगा। बुध की व्यग्रता के कारण आर्थिक निर्णयों में जल्दबाजी न करें। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की संभावना बन रही है, अतः सतर्क रहें।

कर्क
आज लाभ होगा। धन और संपत्ति के क्षेत्र में शुभ संकेत दे रहा है। आजीविका के क्षेत्र में नई दिशा मिल सकती है। व्यवसायी वर्ग को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है, जबकि नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन या प्रशंसा का लाभ मिल सकता है।

सिंह
आज लाभ होगा। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे, विशेषकर डिजिटल या ऑनलाइन माध्यम से कार्य कर रहे लोगों को धन लाभ होगा। प्रतियोगी परीक्षाओं या उच्च शिक्षा में सफलता मिल सकती है। अधिक परिश्रम और नेत्र विकार का संकेत दे रही है, स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

कन्या
आज दिन करियर और व्यवसाय में विशेष सफलता का संकेत दे रहा है। बौद्धिक कार्यों से धन की प्राप्ति होगी। आपकी किसी पुरानी स्किल या ज्ञान का अब आर्थिक रूप से लाभ मिल सकता है। कोर्ट केस या टैक्स से संबंधित कोई मामला आपके पक्ष में सुलझेगा।

तुला
आज दिन आर्थिक रूप से अच्छा रहेगा। संचित धन में वृद्धि के संकेत हैं। पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा जिससे मानसिक शांति मिलेगी। पुराने कर्ज या लोन का कुछ हिस्सा चुकता कर पाएंगे। यदि किसी संपत्ति विवाद में फंसे हैं तो राहत मिल सकती है।

वृश्चिक
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए त्रिग्रही योग के कारण अनावश्यक यात्राएं या खर्चे से बचना बुद्धिमानी होगी। हालांकि कुछ पुराने निवेश से छोटा लाभ संभव है। व्यवसाय से जुड़े लोग रिटेल सेगमेंट में ध्यान दें, छोटी डील्स बड़े लाभ में बदल सकती हैं।

धनु
आज भाग्य का साथ मिल रहा है। विरोधियों के बावजूद आज आपको अप्रत्याशित रूप से किसी योजना में सफलता और आर्थिक लाभ मिलेगा। शासन सत्ता से निकटता के कारण कुछ रुके काम बन सकते हैं। पारिवारिक या ससुराल पक्ष से भी धन प्राप्त हो सकता है।

मकर
आज आर्थिक दृष्टि से दिन उत्तम रहेगा। नौकरी में स्थायित्व और व्यापार में वृद्धि के संकेत हैं। किसी पुराने क्लाइंट से दोबारा संपर्क होगा जो आर्थिक रूप से लाभदायक रहेगा। संतान की शिक्षा, वाहन या संपत्ति से जुड़े खर्चों में वृद्धि संभव है, लेकिन ये खर्च भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होंगे।

कुंभ
आज खर्चों में अचानक बढ़ोतरी हो सकती है, विशेषकर घरेलू वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स या वाहन से जुड़ी मरम्मत पर। कोई पुराना लेन-देन उभर सकता है। स्वास्थ्य से जुड़ा खर्च भी हो सकता है। किसी नए व्यवसाय या इनवेस्टमेंट में उतरने से पहले सलाह लें।

मीन
आज आर्थिक दृष्टि से दिन मिला-जुला रहेगा। यदि आप बिजनस में हैं, तो कोई पुराना ग्राहक फिर से आ सकता है। करियर की शुरुआत कर रहे युवाओं को नए अवसर मिलेंगे। सरकारी योजनाओं से लाभ मिलेगा। धार्मिक कार्यों में खर्च बढ़ेगा, पर यह संतोष भी देगा।

संक्षिप्त समाचार

स्वर्ण आभूषण के आपूर्तिकर्ता से लाखों रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में जौहरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

ठाणे, एजेंसी। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने सोने के आभूषण की आपूर्ति करने वाले व्यक्ति से 93.5 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक जौहरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि आरोपी की शाहपुर क्षेत्र के खरदी में एक दुकान है और उसने पिछले तीन वर्षों में आपूर्तिकर्ता से 950 ग्राम सोने के आभूषण खरीदे हैं। कल्याण के बाजारपेठ पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि कई बार याद दिलाने के बावजूद आरोपी ने आपूर्तिकर्ता को खरीदे गए सामान के लिए 93.5 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रविवार को आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) (आपराधिक विश्वासघात) और 318(4) (धोखाधड़ी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

मणिपुर : दिव्यांग व्यक्ति की हत्या के आरोप में मेइती संगठन का एक नेता गिरफ्तार

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में एक दिव्यांग व्यक्ति की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए मेइती संगठन अरम्बाई तेंगोल (एटी) के एक नेता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को एक बयान में बताया कि गिरफ्तार एटी नेता की पहचान युमनाम हुइड्रोम थियाम लीशांगखोंग निवासी लोंगजाम खाबा सिंह (35) के रूप में हुई है। वह पाओबिटेक मयाई लेइकाई के मोहम्मद चेसम अब्दुल कादिर की हत्या का मुख्य आरोपी है। इसमें बताया गया है कि उसे रविवार को पुथिबा लाईबुंग कॉम्प्लेक्स के पास मोंगसांगेई माखा लीकाई अरुबाम लीकाई से गिरफ्तार किया गया है। बयान के अनुसार, अभी तक इस हत्या के संबंध में एटी के सात सदस्यों समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चेसम 11 जून की मध्यरात्रि को लापता हो गया था और बाद में उसका शव इंफाल पश्चिम जिले में सामुरोऊ नाओरेम में मिला था, जहां उसे दफना दिया गया था। बयान में कहा गया है कि 17 जून को एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट, फोरेंसिक टीम और परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला गया। इस हत्या के विरोध में प्रदर्शन हुए और इंफाल घाटी में कई मुस्लिम संगठनों ने इसकी निंदा की थी।

ओवैसी ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की जमकर आलोचना की

नईदिल्ली, एजेंसी। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की जमकर आलोचना की। ओवैसी ने कहा कि अमेरिका के इस हमले से नेतन्याहू को फायदा हुआ है, जिन्हें उन्होंने फिलिस्तीनियों का कसाई करार दिया। ओवैसी ने कहा, 'यह व्यक्ति फिलिस्तीनियों का नरसंहार कर रहा है और वेस्ट बैंक व गाजा में जातीय सफाई कर रहा है। इतिहास उन्हें फिलिस्तीनियों के कसाई के रूप में याद रखेगा।' मालूम हो कि अमेरिका ने ईरान के नतांज, इस्फहान और फोर्डो में परमाणु स्थलों पर हवाई हमले किए हैं। असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए नोबेल शांति पुरस्कार की सिफारिश की भी कड़ी आलोचना की। लोकसभा सांसद ओवैसी ने सवाल उठाया कि क्या पाकिस्तान ने ट्रंप का समर्थन एक संप्रभु राष्ट्र पर बमबारी देखने के लिए किया था। उन्होंने रविवार को हैदराबाद में कहा, पाकिस्तानियों से पूछना चाहिए कि क्या इसके लिए वे ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार देना चाहते हैं? क्या पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ लंच किया था? आज इन सबकी पोल खुल गई है। हैदरबाद के सांसद ओवैसी ने चेतावनी दी कि अगर इस क्षेत्र में पूर्ण पैमाने पर युद्ध छिड़ता है, तो भारत के लिए गंभीर नतीजे होंगे। उन्होंने कहा, हमें यह भी याद रखना चाहिए कि खाड़ी और मध्य पूर्व में 1.6 करोड़ से अधिक भारतीय रहते हैं। अगर वहां युद्ध छिड़ता है, जो दुर्भाग्य से बहुत संभावित है, तो वहां रहने वाले भारतीयों पर इसका गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारतीय कंपनियों ने वहां भारी निवेश किया है और इस क्षेत्र से विदेशी निवेश का बड़ा हिस्सा आता है।

राजस्थान में जून में ही बारिश का बंपर बोनस, 24 जिलों में रिकॉर्ड टूटे

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान में इस बार मानसून की धमाकेदार एंट्री हुई है। 18 जून को प्रदेश में प्रवेश करने के बाद सिर्फ 5 दिन में ही मानसून ने जून महीने की औसत बारिश का कोटा पूरा कर दिया। अब तक (1 जून से 22 जून तक) राज्य में कुल 70.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है, जबकि पूरे जून माह की औसत बारिश सामान्यत: 55 मिमी होती है। यह आंकड़ा साफ संकेत देता है कि इस बार प्रदेश में मानसून की रफ्तार तेज है। पिछले साल की तुलना में इस बार बेहतर बारिश दर्ज की गई है। जून 2024 में पूरे महीने में केवल 50.3 मिमी बारिश हुई थी, जो औसत से करीब 9 फीसदी कम थी। वहीं इस बार जून के तीसरे हफ्ते में ही राज्य औसत से काफी आगे निकल चुका है। जिलेवार आंकड़ों की बात करें तो 24 ऐसे जिले हैं जहां जून महीने की औसत बारिश से भी ज्यादा पानी अब तक बरस चुका है।

कांग्रेस ने भारत सरकार से नैतिक साहस दिखाने को कहा, जयराम रमेश बोले- अमेरिकी बमबारी की निंदा करे पीएम मोदी

नईदिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा अमेरिकी सेना को तीन प्रमुख ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने का आदेश देने के निर्णय ने इस्लामी गणराज्य की ज्ञात परमाणु क्षमताओं को नुकसान पहुँचाया है। भारत इस पूरे मामले पर अभी तक कुछ नहीं बोला है। ईरान पर हुए अमेरिकी हमले के बाद पाकिस्तान में भी हलचल देखने को मिली। शीर्ष नेताओं मे बैठक की है। अभी भारत में इस मुद्दे पर शांति है। भारत ने अपनी कूटनीति का प्रयोग करते हुए बेहद आसान तरीके से ईरान से अपने नागरिकों को वापस भारत ले आया है। इस पुरे मामले पर पीएम मोदी की शांति को लेकर कांग्रेस सवाल उठा रही है।

कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले तथा इजराइली आक्रामकता की आलोचना या निंदा नहीं की है और वह गाजा में नरसंहार पर भी चुप है। मुख्य विपक्षी दल के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अब सरकार को पहले की तुलना में अधिक नैतिक साहस का परिचय देना चाहिए। उनका यह भी कहना है कि ईरान के साथ कूटनीतिक बातचीत होनी चाहिए। अमेरिका ने रविवार तड़के ईरान में तीन यूरेनियम संवर्धन स्थलों–फोर्दो, नतांज और इस्फहान–पर हमला किया था। पिछले 10 दिनों से ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष जारी है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ईरान पर अमेरिकी वायुसेना की ताकत का इस्तेमाल करने का राष्ट्रपति ट्रंप का निर्णय ईरान के साथ बातचीत जारी रखने के उनके अपने आह्वान का मज़ाक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, ईरान के साथ तत्काल कूटनीति और बातचीत की अनिवार्यता को दोहराती है। कांग्रेस नेता ने कहा, भारत सरकार को अब तक की तुलना में अधिक नैतिक साहस का प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने दावा किया, मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से अमेरिकी बमबारी और इजराइल की आक्रामकता, बमबारी और लक्षित हत्याओं की न तो आलोचना की है और न ही निंदा की है। इसने गाजा में फ़लस्तीनियों पर किए जा रहे नरसंहार पर भी चुप्पी साध रखी है। इससे पहले, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बीते शनिवार को आरोप लगाया था कि मोदी सरकार ने गाजा की स्थिति और इजराइल-ईरान सैन्य संघर्ष पर चुप्पी साधते हुए भारत के सैद्धांतिक रुख और मूल्यों को त्याग दिया है। उन्होंने यह भी कहा था कि सरकार को आवाज बुलंद करनी चाहिए और पश्चिम एशिया में संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध हर राजनयिक मंच का उपयोग करना चाहिए। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने अंग्रेजी दैनिक ''द हिन्दू'' के लिए लिखे एक लेख में कहा था, ''ईरान भारत का लंबे समय से मित्र रहा है और गहरे सभ्यतागत संबंधों से हमारे साथ जुड़ा हुआ है। इसका जम्मू-कश्मीर समेत महत्वपूर्ण मौकों पर दृढ़ समर्थन का इतिहास रहा है।'' उन्होंने उल्लेख किया कि वर्ष 1994 में ईरान ने कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत की आलोचना करने वाले एक प्रस्ताव को रोकने में मदद की थी।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''वास्तव में, इस्लामी गणतंत्र ईरान अपने पूर्ववर्ती, ईरान के 'शाह शासन' की तुलना में भारत के साथ कहीं अधिक सहयोगी रहा है, जिसका झुकाव 1965 और 1971 के युद्धों में पाकिस्तान की ओर था।'' सोनिया गांधी का कहना है, हाल के दशकों में भारत और इजराइल के बीच भी रणनीतिक संबंध विकसित हुए हैं। इस महत्वपूर्ण स्थिति में आने से हमारे देश का तनाव कम करने और शांति बहाल करने का नैतिक दायित्व और शक्ति बढ़ी है। यह कोई कोरा सिद्धांत नहीं है। पश्चिम एशिया में लाखों भारतीय नागरिक रह रहे हैं और काम कर रहे हैं, इसलिए इस क्षेत्र में शांति स्थापना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दा है।

सपा ने भाजपा के पाले में गए 3 विधायकों को पार्टी से निकाला, कहा-जहां रहें, विश्वसनीय रहें

लखनउ, एजेंसी। समाजवादी पार्टी ने लंबे अरसे से भाजपा के पाले में नजर आ रहे अपने तीन विधायकों को औपचारिक तौर पर पार्टी से निकाल दिया है। इन विधायकों के नाम हैं मनोज पांडेय, अभय सिंह और राकेश प्रताप सिंह। पार्टी के अधिकारिक एक्स अकाउंट पर इसकी जानकारी दी गई है। सपा ने कहा है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के आरोपों में इन्हें निकाला जा रहा है। इसके साथ ही पोस्ट के अंत में तंज कसते हुए लिखा गया है- जहां रहें, विश्वसनीय रहें। बता दें कि पिछले साल राज्यसभा चुनाव के दौरान सपा के इन विधायकों ने भाजपा का साथ दिया था। 2024 के फरवरी महीने में राज्यसभा की 10 सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 8 और सपा ने 3 उम्मीदवार उतारे थे। क्रॉस वोटिंग करने वालों में गौरीगंज सीट से विधायक राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज सीट से विधायक अभय सिंह और ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज कुमार पांडेय शामिल थे। समाजवादी पार्टी के एक्स अकाउंट पर विधायकों के निष्कासन की सूचना देते हुए लिखा गया है- 'समाजवादी सौहार्दपूर्ण सकारात्मक विचारधारा की राजनीति के विपरीत साम्प्रदायिक विभाजनकारी नकारात्मकता व किसान, महिला, युवा, कारोबारी, नौकरीपेशा और 'पीडीए विरोधी' विचारधारा का साथ देने के कारण, समाजवादी पार्टी जनहित में निम्नांकित विधायकों को पार्टी से निष्कासित करती है।

हिंदू होने पर ही आपत्ति क्यों? अपमान मत करो, फेक सेक्युलरिज्म पर भड़के पवन कल्याण

मदुरै , एजेंसी। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में आयोजित 'मुरुग भक्तरगल मणाडु' (भगवान मुरुगन के भक्तों का सम्मेलन) में फेक सेक्युलरिज़्म और हिंदू धर्म पर एकतरफा निशानेबाज़ी को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ÷मैं उग्रवादी नहीं, प्रतिबद्ध हिंदू हूं।÷

हिंदू होने पर ही आपत्ति क्यों : पवन कल्याण ने कहा, ÷एक ईसाई को ईसाई बने रहने में, एक मुस्लिम को मुस्लिम बने रहने में किसी को समस्या नहीं होती, लेकिन जैसे ही कोई हिंदू अपने धर्म को लेकर प्रतिबद्ध होता है, उसे 'सांप्रदायिक' करार दे दिया जाता है। यही इनका फेक सेक्युलरिज़्म है।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारे संविधान ने दी है, लेकिन अब इसका उपयोग सिर्फ हिंदू देवी-देवताओं का मजाक उड़ाने के लिए किया जा रहा है। यह अब बंद होना चाहिए, वरना हमारे धर्म और आस्था को टिकाए रखना मुश्किल हो जाएगा।

इस्लाम और ईसाई धर्म का सम्मान : पवन कल्याण ने अपने भाषण में साफ कहा, ÷मैं इस्लाम और ईसाई धर्म का भी उतना ही सम्मान करता हूं, जितना अपने धर्म का। लेकिन मेरी भी एक ही गुज़ारिश है - मेरे धर्म का अपमान मत करो। आप मेरी आस्था का सम्मान न करो, पर उसका अपमान भी मत करो।

मुरुगन पूरे भारत में पूजनीय : पवन कल्याण ने अपने संबोधन में भगवान मुरुगन को लेकर कहा कि वे सिर्फ तमिलनाडु तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उत्तर भारत में कार्तिकेय, आंध्र और कर्नाटक में सुब्रह्मण्यम के रूप में पूजे जाते हैं। उन्होंने इस बात पर दुख भी जताया कि कुछ साल पहले 'कंडा षष्ठी कवचम' जैसे धार्मिक स्तुति गीत का सार्वजनिक रूप से मजाक उड़ाया गया था। पवन कल्याण ने आगाह करते हुए कहा, ÷हिंदुओं की सहनशीलता को उनकी कमजोरी न समझा जाए। अगर बार-बार उकसाया गया, तो जवाब भी मिलेगा। धर्म की रक्षा हर भक्त का कर्तव्य है। सम्मेलन में भाजपा नेता के. अन्नामलाई, हिंदू मुन्नानी प्रमुख कादेश्वर सुब्रमणियम, द्रमुक के नेता और पूर्व मंत्री भी शामिल हुए। अन्नामलाई ने कहा कि यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिंदुओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता का मंच है।

राजस्थान में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, सरकार ने 62 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान सरकार ने नौकरशाही में बड़ा फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 62 अधिकारियों के तबादले किए हैं। कार्मिक विभाग ने रविवार देर रात तबादला सूची जारी की। इसके तहत आठ अतिरिक्त मुख्य सचिवों और 11 जिलाधिकारियों का भी तबादला किया गया है। साथ ही 21 आईएएस अधिकारियों को विभागों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कार्मिक विभाग ने रविवार देर रात तबादला सूची जारी की। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अखिल अरोड़ा को करीब पांच साल बाद वित्त विभाग से स्थानांतरित कर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) में एसीएस नियुक्त किया गया है।

राजस्थान सरकार ने 62 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए : आधिकारिक आदेश के अनुसार श्वेता चौहान को फलौदी का नया जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वे इससे पहले स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की निदेशक के पद पर कार्यरत थीं। फलौदी कलेक्टर हरजीलाल अटल को राज्य स्वास्थ्य बीमा एजेंसी का सीईओ लगाया गया है। इसी तरह जोधपुर जिला परिषद के सीईओ डॉ. धीरज कुमार सिंह को कार्मिक विभाग में सरकार का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है।

हरियाणा में ऐसा खौफ कि शराब कारोबार से ही तौबा, 5 बार फेल हुई नीलामी, सीएम को बुलानी पड़ी मीटिंग

चंडीगढ़, एजेंसी। दारू और बारू यानी बालू के ठेकों को अच्छी कमाई का जरिया माना जाता रहा है। किसी भी राज्य में शराब के ठेकों के लिए बोली लगाने की होड़ रहती है और इसकी वजह इनसे होने वाली मोटी कमाई है। लेकिन हरियाणा में लोग शराब के ठेकों के लिए बोली ही नहीं लगा रहे हैं। इसकी कई वजहें हैं, लेकिन सबसे प्रमुख कारण इस धंधे में गैंगस्टरों का शामिल होना है। इसके चलते कोई भी ऐसा व्यक्ति इस धंधे के लिए बोली नहीं लगाना चाहता है, जो बाहुबली न हो और क्राइम से उसका वास्ता न हो। हरियाणा में सरकार के लिए शराब उद्योग से मिलने वाला रेवेन्यू विकास और गरीब कल्याण की नीतियां बनाने में काम आता रहा है। नायब सिंह सैनी सरकार के लिए चिंता की बात यह है कि प्रदेश के 22 जिलों में से 20 ऐसे हैं, जहां शराब के ठेकों के लिए कोई बोली ही नहीं लगी है। 5 बार ऑनलाइन नीलामी का विज्ञापन जारी किया जा चुका है, लेकिन कोई भी बोली लगाने के लिए आगे नहीं आ रहा। बड़ी बात यह है कि इनमें से कई दुकानें तो गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला और यमुनानगर में हैं। इन शहरों की शराब दुकानों को अच्छी कमाई वाला माना जाता है। फिर भी यहां की दुकानें बोली का इंतजार कर रही हैं। अब तक किसी के लिए भी इन दुकानों का आवंटन नहीं हो सका है। दरअसल कुरुक्षेत्र में 13 जून को एक शराब कारोबारी की हत्या हो गई थी। उसके बाद से पूरे

प्रदेश में ही डर और बढ़ गया है। रोहतक और यमुनानगर में भी शराब के ठेकों के लिए बोली लगाने के इच्छुक कुछ लोगों को धमकियां दी गई हैं। हालात यह है कि सीएम नायब सिंह सैनी ने खुद शराब कारोबारियों की एक मीटिंग बुलाई। इस बैठक में उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और कहा कि आप लोग डरें नहीं। हम कारोबार के लिए अच्छा माहौल प्रदान करेंगे। इसके अलावा उन्होंने डीजीपी को भी आदेश दिया कि वह अपराधियों पर सख्त ऐक्शन लें। शराब ठेकों के लिए बोली लगाने वालों को कोई यदि धमकाता है तो उन पर कार्रवाई की जाए। हरियाणा में हमेशा से ही शराब के ठेकों का कारोबार दबंगों का बिजनेस रहा है। इसमें कोई आम व्यक्ति शामिल नहीं होना चाहता। इस कारोबार में बड़े पैमाने पर हिंसा और धमकियां शामिल रही हैं। लेकिन इस बार स्थिति और ज्यादा खराब है। कारोबारियों के साथ ही आबकारी विभाग के अधिकारियों तक को डराने के मामले सामने आ रहे हैं। हरियाणा में शराब का कारोबार किसी बड़े सिंडिकेट या फिर कार्टेल के माध्यम से नहीं चलता। इसकी बजाय यहां ऑनलाइन बोली लगती है। लेकिन इस बार धमकियों के चलते लोग बोली लगाने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं।

भाजपा सरकार ने बढ़ाया आबकारी विभाग से रेवेन्यू का टारगेट : बता दें कि मौजूदा वित्त वर्ष में हरियाणा की भाजपा सरकार ने आबकारी विभाग से ही 14,063 करोड़ रुपये का रेवेन्यू जुटाने का लक्ष्य तय किया है। इससे पहले बीते वित्त वर्ष में यह 11,054 करोड़ रुपये ही था। अब तक करीब 260 जोन ऐसे हैं, जहां बोली नहीं लगी है और इनसे ही करीब 4000 करोड़ के रेवेन्यू की उम्मीद है।

तालाब की खुदाई के दौरान निकलने लगे नरकंकाल, एक तो 8 फीट लंबा; मिलीं अजीब चीजें

जींद , एजेंसी। हरियाणा के जींद जिले के जुलाना के गांव देवरड़ में रविवार को मनरेगा योजना के तहत चल रही तालाब की खुदाई के दौरान 10 नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। एक कंकाल की लंबाई 8 फुट के आसपास है, जो सामान्य मानव कद से अधिक है। इसके साथ ही मिट्टी से निकले जबड़े और अन्य हड्डियां आम इंसान के शरीर से कहीं बड़ी बताई जा रही हैं। खुदाई में कुछ टूटे-फूटे मटके और मिट्टी के बर्तन भी मिले हैं, जिससे पता चलता है।

एक के बाद एक नर कंकाल मिलते गए : गांव देवरड़ मनरेगा के तहत दो महीने से तालाब की खुदाई का काम जारी था, जिसमें रोजाना 50 से 60 मजदूर लगे हुए थे। रविवार को खुदाई के दौरान एक नर कंकाल मिला जिससे मजदूर डर गए। आनन-फानन में उन्होंने सरपंच को मामले की जानकारी दी। इसके बाद बीडीपीओ को सूचित किया गया। जैसे-जैसे मजदूर खुदाई करते गए, एक के बाद एक नर कंकाल मिलते गए। कुल 10 नर कंकाल मिले और पुराने युग

के मटके व कुछ बर्तन भी मिट्टी से निकले। हैरानी की बात ये है कि ये सभी नर कंकालों की लंबाई सामान्य इंसान की लंबाई से कहीं अधिक थी। हड्डियों की लंबाई भी ज्यादा थी।

खुदाई का काम रोका,पुरातत्व विभाग की मदद लेंगे: बीडीपीओ : जुलाना के बीडीपीओ प्रतीक जांगड़ा ने बताया कि खुदाई के दौरान कंकाल मिलने की सूचना पर काम को तत्काल रोक दिया गया है और जांच टीम को मौके पर भेजा गया है। जांच के बाद ही आगे की खुदाई का निर्णय लिया जाएगा। इन कंकालों की सटीक जानकारी के लिए पुरातत्व विभाग और वैज्ञानिकों की मदद ली जाएगी, ताकि यह पता चल सके कि यह मानव अवशेष किस कालखंड से संबंधित हैं और इनकी असामान्य लंबाई का रहस्य क्या है।

सुनियोजित तरीके से दफनाए गए शव लगे : वहीं, मजदूरों और ग्रामीणों का दावा है कि जिस ढंग से हड्डियां दबी थीं, उससे लगता है कि ये सुनियोजित तरीके से दफनाए गए शव हैं। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि आजादी से पहले इस जगह पर मुस्लिम समुदाय का कब्रिस्तान होता करता था।

फार्च्यूनर में मिलीं एक ही परिवार के 3 लोगों की लाश, सभी के सिर पर गोली के निशान

मोहाली, एजेंसी। मोहाली में बनूड़-तेपला रोड पर गांव चंगेरा में खेतों के पास खड़ी एक फार्च्यूनर गाड़ी में एक ही परिवार के तीन लोगों की लाशें मिलने से सनसनी फैल गई। जब खेत में ट्यूबवेल लगाने के लिए कुछ लोग पहुंचे तो उन्होंने गाड़ी के अंदर शव देखे और तुरंत बनूड़ पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। गाड़ी के अंदर एक पुरुष, एक महिला और एक किशोर की लाश बरामद हुई है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। डीएसपी राजपुरा मंजीत सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। मृतकों की पहचान 45 साल के संदीप सिंह, उसकी पत्नी 42 वर्षीय मनदीप कौर और 15 साल के बेटे अभय के रूप में हुई है। मृतक संदीप सिंह मूलरूप से बठिंडा के गांव सिखवाला का रहने वाला था। लंबे समय तक परिवार के साथ गुरुग्राम में रहने के बाद वह तीन साल पहले मोहाली के सेक्टर-109 की एमार सोसाइटी में शिफ्ट हुआ था। मृतक संदीप सिंह के हाथ में पिस्टल थी और तीनों के सिर पर गोली के निशान थे। इससे ऐसा लगता है कि संदीप ने पहले अपनी पत्नी मनदीप कौर और बेटे अभय को गोली मारी और फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। संदीप सिंह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। संदीप के रिश्तेदार अमरिंदर सिंह ने बताया कि संदीप कभी इस तरह का कदम उठा सकता है, इसका अंदाजा नहीं था। उसका एक भाई बठिंडा में रहता है, जबकि बहन अमेरिका में है। परिवार खुशहाल जीवन जी रहा था। अभी तक इस घटना के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। डीएसपी मंजीत सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है और वह बठिंडा से बनूड़ के लिए रवाना हो चुके हैं। इसके साथ ही पुलिस मोहाली के सेक्टर-109 स्थित संदीप के आवास की भी तलाशी लेगी, ताकि आत्महत्या के पीछे की वजह का कोई सुराग मिल सके। मई के आखिरी सप्ताह में हरियाणा के पंचकूला में एक ही परिवार के सात लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या की थी। उन्होंने यह आत्महत्या गाड़ी के अंदर की थी। यह लोग पंचकूला में एक किराए के मकान में रह रहे थे और मूलरूप से हिसार निवासी थे। मरने वालों में प्रवीण मित्तल, उसकी पत्नी रीना, मां विमला पिता देशराज, जुड़वां बेटी हिमशिखा, डेलिशा और बेटे हार्दिक के रूप में हुई थी। प्रवीण मित्तल ने देहरादून में टूर एंड ट्रेवल्स का कारोबार किया शुरू किया था, जिसमें उसे घाटा हुआ था। इस कारण वह कर्ज के बोझ में डूब गया था।

उत्तर भारत में पहुंचा मॉनसून, बाकी देश में 30 जून तक होगी बारिश

नईदिल्ली, एजेंसी। मॉनसून को लेकर अच्छी खबर है। मौसम विभाग अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश की उम्मीद कर रहा है। मॉनसून लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर कर चुका है। उत्तर अरब सागर में अभी हालात इसके अनुकूल बने हुए हैं। अब मॉनसून, राजस्थान के और अधिक हिस्सों, हरियाणा के कुछ हिस्सों, चंडीगढ़ और दिल्ली तक भी पहुंचने वाला है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बचे हुए हिस्सों, हिमाचल प्रदेश और जम्मू तक भी मॉनसून पहुंच जाएगा। रविवार तक, मॉनसून हिमाचल प्रदेश और जम्मू के अधिकांश हिस्सों, पूरे लद्दाख और कश्मीर, और पंजाब के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ा, जबकि उत्तर-पश्चिमी राज्यों हरियाणा और दिल्ली को छोड़ दिया। मॉनसून की उत्तरी सीमा अब जयपुर, आगरा, रामपुर, देहरादून, शिमला, पठानकोट और जम्मू के माध्यम से गुजर रही है।

यह अच्छा संकेत : आईएमडी के डायरेक्टर जनरल एम मोहपात्रा ने बताया कि मॉनसून ने उत्तर भारत के अधिकांश हिस्से को थोड़ी जल्दी कवर किया है। लेकिन हमने अभी तक पूरे देश के कवरेज के लिए पूर्वानुमान नहीं दिया है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के कुछ हिस्से भी अभी कवर होने बाकी हैं। उन्होंने आगे बताया कि हम उम्मीद

कर रहे हैं कि अगले कुछ दिनों में इन राज्यों तक भी मॉनसून की पहुंच होगी। हम अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश की उम्मीद कर रहे हैं। खासतौर पर दक्षिण उत्तर प्रदेश और गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर एक निम्न दबाव क्षेत्र के कारण ऐसे हालात बन रहे हैं। यह विशेषताएं मॉनसून के लिए अच्छी हैं।

ऐसी रही मॉनसून की यात्रा : सामान्यत:, 15 जून तक, मॉनसून मुंबई समेत महाराष्ट्र के अधिकतर हिस्सों, तेलंगाना के बाकी क्षेत्रों, दक्षिण छत्तीसगढ़, मध्य भारत के बाकी क्षेत्रों, ओडिशा के अधिकांश क्षेत्रों, पश्चिम बंगाल के अधिकांश हिस्सों, सिक्किम और बिहार और झारखंड के कुछ पूर्वी क्षेत्रों तक रहता है। इसके बाद यह गुजरात और कच्छ के दक्षिणी हिस्सों, महाराष्ट्र के बाकी हिस्सों, दक्षिण मध्य प्रदेश, ओडिशा के बाकी हिस्सों, और 20 जून तक उत्तर छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के अधिकांश हिस्सों की तरफ बढ़ जाता है। इसके बाद मॉनसून उत्तर और पश्चिम की ओर आगे बढ़ता है। फिर यह 30 जून तक गुजरात और कच्छ, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, पंजाब और हरियाणा, दिल्ली और पूर्वी राजस्थान के अधिकांश हिस्सों को कवर करता है। यह 8 जुलाई तक उत्तर-पश्चिम भारत के शेष क्षेत्रों में पहुंचता है।

समय से पहले पहुंचा इस साल मॉनसून अपेक्षा से पहले ही विभिन्न क्षेत्रों में पहुंच गया है। इसका अभी तक रास्ता बहुत असामान्य रहा है। मॉनसून ने 24 मई को केरल में आठ दिन पहले दस्तक दी।

अल्काराज ने लेहेका को हराकर दूसरा क्वींस क्लब खिताब जीता

लंदन, एजेंसी। कार्लोस अल्काराज ने रविवार को जिरी लेहेका को 7-5, 6-7(5), 6-2 से हराते हुए एचएसबीसी चैंपियनशिप 2025 का फाइनल अपने नाम कर लिया। यह उनका दूसरा क्वींस क्लब खिताब है। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने इस सीजन का पांचवां खिताब जीता। उनके करियर की यह 21वीं टूर-लेवल ट्रॉफी है, जिसे जीतने के लिए उन्होंने रोमांचक और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जीत के बाद अल्काराज ने कहा, यह टूर्नामेंट मेरे लिए खास है। मैं एक बार फिर ट्रॉफी उठाकर खुश हूं। मैं बिना किसी उम्मीद के यहां आया था। बस अच्छा टेनिस खेलने की कोशिश रही। मैं भाग्यशाली था कि चैंपियन बना। यहां मेरे बहुत सारे दोस्त और परिवार हैं, जिन्होंने मुझे कोर्ट के अंदर और बाहर वास्तव में सहज महसूस कराया। फाइनल में लेहेका के खिलाफ खेलते हुए अल्काराज ने पहले सेट में बढ़त हासिल की थी। वह दूसरे सेट में तनावपूर्ण टाई-ब्रेक में बेहद कम अंतर से हार गए। लेकिन निर्णायक सेट में जोरदार वापसी की और ग्रास-कोर्ट में अपने अनुभव और क्षमता को दिखाया और सेट जीतने के साथ ही खिताब पर भी कब्जा किया। लेहेका का यह पहला ग्रास-कोर्ट फाइनल था। ग्रास कोर्ट पर अल्काराज का यह चौथा खिताब था। वह नोवाक जोकोविच, माटेओ बेरेटिनी, टेलर फ्रिट्ज और निकोलस माहुत के साथ चार या उससे अधिक खिताब जीतने वाले एकमात्र सक्रिय खिलाड़ी बन गए। दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में विंबलडन में प्रवेश करते हुए, अल्काराज ने 18 मैचों की जीत की लकीर खींची है। यह अबतक का उनका सबसे लंबा जीत क्रम है। मियामी में आश्चर्यजनक रूप से बाहर होने के बाद से अल्काराज लगभग अजेय रहे हैं। उन्होंने 27-1 का रिकॉर्ड बनाया है और मोटे-कार्लो, रोम, रोलैंड गैरोस और अब लंदन में प्रतिष्ठित खिताब जीते हैं। उन्होंने पीआईएफ एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में जैनिक सिनर पर अपनी बढ़त भी बढ़ा ली है। फाइनल गंवाने के बाद लेहेका ने कहा, मेरे लिए अब शब्द ढूंढ़ने मुश्किल हैं। लेकिन, मैं बहुत खुश हूं कि मुझे आज खिताब के लिए लड़ने का मौका मिला। मैंने आज अपना सबकुछ दिया, दुर्भाग्य से यह पर्याप्त नहीं था। कार्लोस और उनकी टीम को शानदार काम करने के लिए बधाई।

ओलंपियन ललित ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से लिया संन्यास

वाराणसी, एजेंसी। अर्जुन अवार्डी ललित ने अपने एक्स हैंडल पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी से रिटायरमेंट का एलान किया। हालांकि उन्होंने बताया कि वह पहले ही तरह घरेलू और प्रो हॉकी लीग में खेलते रहेंगे। फिलहाल वे इन दिनों बेल्जियम में चल रही प्रो हॉकी लीग में व्यस्त हैं। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे ललित उपाध्याय ने रविवार रात अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्सास का एलान पर सबको चौंका दिया। अर्जुन अवार्डी ललित ने अपने एक्स हैंडल पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी से रिटायरमेंट का एलान किया। हालांकि उन्होंने बताया कि वह पहले ही तरह घरेलू और प्रो हॉकी लीग में खेलते रहेंगे। फिलहाल वे इन दिनों बेल्जियम में चल रही प्रो हॉकी लीग में व्यस्त हैं। बातचीत में उन्होंने अपने यादगार कॅरिअर के लिए अपने प्रारंभिक कोच परमानंद मिश्र को याद किया। कहा कि उन्होंने शुरुआती दिनों में हॉकी खेलने में मदद की और मुझे यहां तक पहुंचाया। यूपी कॉलेज के मैदान से हॉकी का ककहरा सीखने वाले ललित ने अपने छोटे से कॅरिअर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपनी टीम के लिए यादगार प्रदर्शन किए हैं।

छोटे से गांव से शुरू हुआ सफर

ललित ने अपने एक्स पर यह भी लिखा है कि उनकी यात्रा एक छोटे से गांव से शुरू हुई, जहाँ सीमित संसाधन थे, लेकिन सपने असीम थे। एक स्टिंग ऑपरेशन का सामना करने से लेकर ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक - एक बार नहीं, बल्कि दो बार - यह चुनौतियों, विकास और अविस्मरणीय गौरव से भरा रास्ता रहा है। यह भी बताया है कि 26 साल बाद अपने शहर से ओलंपियन बनना कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा सम्मान और कृतज्ञता के साथ अपने साथ रखूँगा। ललित ने अपने अब तक के सफर में कोच परमानंद के साथ ही हरिंदर, समीर, धनराज आदि को मार्गदर्शक बताया है। साथ ही हरमनप्रीत सिंह को भी याद किया है।

मुंबई की टीम छोड़ना चाहते हैं पृथ्वी शॉ

मुंबई क्रिकेट संघ से मांगा एनओसी; क्यों लिया फैसला?

मुंबई, एजेंसी। भारतीय टीम के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ घरेलू टीम मुंबई का साथ छोड़ना चाहते हैं और उन्होंने इसके लिए मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगा है। पृथ्वी ने एमसीए से इसलिए स्वकृति मांगी है जिससे एक क्रिकेटर के रूप में प्रगति और विकास के लिए वह नई घरेलू टीम से अनुबंध कर सकें। पृथ्वी पिछले कुछ समय से लाल गेंद की टीम से बाहर हैं, लेकिन उन्होंने सीमित ओवरों के प्रारूप की क्रिकेट खेली है। हालांकि उनके मैदान के बाहर के अनुशासनात्मक मुद्दों ने मैदान पर उनके प्रदर्शन से अधिक सुर्खियां बटोरी हैं। एमसीए के एक सीनियर अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि एमसीए को पृथ्वी का पत्र मिला है जिसमें उन्होंने एनओसी देने की मांग की है।

एमसीए सूत्र ने कहा, हां, हमें पृथ्वी का पत्र मिला है जिसे स्वीकृति के लिए शीर्ष परिषद के पास भेजा गया है। जल्द ही इस बारे में फैसला ले लिया जाएगा। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एमसीए को भेजे पत्र में कहा कि वह मुंबई टीम में बिताए समय के लिए आभारी हैं लेकिन अब आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने 2017 में मुंबई के लिए पदार्पण किया था।

इंडिया-इंग्लैंड टेस्टः

राहुल-पंत के शतक भारत की बढ़त 270 रन

लीड्स, एजेंसी। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच की दूसरी पारी में शतक जड़ दिया है। राहुल ने 202 गेंदों पर शतक पूरा किया। उनके साथ पंत ने भी 130 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया।

वैभव सूर्यवंशी का दीवाना एमएलसी 2025 में छाया

9 छक्के, 16 चौके उड़ाते हुए ठोके 161 रन, टूटे 5 बड़े रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में जो कर दिखाया है, उसके बाद हर तरफ उनके ही जलवे हैं. उनके ही चाहने वालों की लंबी होती लिस्ट है. ऐसा ही एक दीवाना वैभव सूर्यवंशी का इस वक्त अमेरिका में चल रही मेजर लीग क्रिकेट में भी खेल रहा है. इस वक्त 2025 में छाए वैभव सूर्यवंशी के उस दीवाने का भारत से गहरा नाता है.

हम बात कर रहे हैं भारत को अंडर 19 का वर्ल्ड कप अपन कप्तानी में जिताने वाले खिलाड़ी उनमुक्त चंद की. भारत में मौके नहीं मिलने के चलते उन्मुक्त ने अमेरिका का रुख किया. वो अब वहीं से क्रिकेट खेलते हैं. फिलहाल, अपनी बल्लेबाजी को लेकर स्क्रीन में छाए हैं. अब आप सोच रहे होंगे कि उन्मुक्त चंद और वैभव सूर्यवंशी के दीवाने? तो जी हा, जरूरी नहीं कि फैन केवल बड़े खिलाड़ियों के ही हों. वैभव सूर्यवंशी जैसे उभरते सितारे भी लोगों को अपना दीवाना बना रहे हैं. उम्मुक्त चंद उसी फेहरिस्त का एक हिस्सा हैं, जो वैभव की बैट स्पीड और हैंड आई को-ऑर्डिनेशन के कायल हैं. उन्होंने कहा भी है कि इस मामले में उसकी काबिलियत गजब की है. बहरहाल, वैभव सूर्यवंशी के तारीफों के पूल बांधने वाले उन्मुक्त चंद ने एमएलसी 2025 में 161 रन ठोक दिए हैं. ये कमाल उन्होंने 9 छक्के और 16 चौके की मदद से किए हैं. इतने रन बनाने के साथ ही वो फिलहाल एमएलसी 2025 के टॉप 10 रनवीरों में छठे नंबर पर आ गए हैं.

उन्मुक्त चंद के एमएलसी 2025 में बनाए ओवरऑल रन में उनका सर्वाधिक स्कोर 86 रनों की नाबाद पारी का है, जो कि उन्होंने 22 जून को खेले मुकाबले में बनाए हैं.

उन्मुक्त चंद ने दिलाई टीम को धमाकेदार जीत

एमएलसी 2025 में 22 जून को सिएटल ओर्कास और लॉस एंजलिस नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला हुआ. इस मुकाबले में सिएटल ओर्कास ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बनाए, जवाब में 178 रन के लक्ष्य का पीछा लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स ने 10 गेंद पहले ही 4 विकेट खोकर पूरा कर लिया. लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स की ओर से प्लेयर ऑफ द मैच बने उन्मुक्त चंद ने सबसे ज्यादा रन बनाए. उन्होंने ओपन करते हुए 58 गेंदों पर 148 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से नाबाद 86 रन बनाए, उन्मुक्त ने इस पारी के साथ टीम को तो जीत दिलाई ही, साथ ही 5 बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम किए.

टूटे ये 5 बड़े रिकॉर्ड

उन्मुक्त चंद ने पहला रिकॉर्ड लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने का तोड़ा. अपना 10वां मैच खेलते हुए उन्होंने इस मामले में सुनील नरेन को पीछे छोड़ा. उन्होंने सैफ बदर के साथ मिलकर 139 रन की पार्टनरशिप की, जो कि लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के लिए हुई किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड है. उन्मुक्त चंद ने अपनी इनिंग में 64 रन बाउंड्री से बनाए, जो कि लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के लिए एक नया रिकॉर्ड है. इतना ही नहीं उन्मुक्त के बनाए 86 रन टी-20 में लॉस एंजलिस नाइट राइडर्स के किसी भी बल्लेबाज के बल्ले से निकला सबसे बड़ा स्कोर है. सिएटल ओर्कास और लॉस एंजलिस नाइट राइडर्स के बीच मैच में कुल 355 रन बने, जो कि दोनों टीमों के बीच खेला सबसे ज्यादा रनों वाला मैच है.

तैराकी चैंपियनशिपः

रोहित के नाम राष्ट्रीय रिकॉर्ड, तैराकी चैंपियनशिप की 100 मीटर बटरफ्लाई में सर्वश्रेष्ठ समय निकाला

भुवनेश्वर, एजेंसी। तमिलनाडु के तैराक बी बेनेडिकटन रोहित ने रविवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुष 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकाला। रोहित ने कलिंगा स्टेडियम के इंडोर एक्वाटिक सेंटर में 52.57 सेकेंड का समय लिया

उन्होंने इस प्रदर्शन के साथ एशियाई खेलों के पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2009 में बनाए 52.77 सेकेंड के सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय में सुधार किया। उन्होंने दो बार के ओलंपियन साजन प्रकाश के 53.24 सेकेंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया। इसके साथ ही रोहित ने 27 जुलाई से सिंगापुर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का 'बी' क्वालीफिकेशन स्तर भी हासिल कर लिया। अखिल भारतीय पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रकाश ने 53.51 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता, जबकि रेलवे के बिक्रम चांगमाई ने 54.35 सेकेंड से कांस्य पदक जीता। महिला 100

मीटर बटरफ्लाई में ओडिशा की सृष्टि उपाध्याय और रेलवे की आस्था चौधरी एक मिनट 3.50 सेकेंड के समान समय के साथ शीर्ष पर रहीं। कर्नाटक के अनीश एस गौड़ा ने पुरुष 200 मीटर फ्रीस्टाइल में एक मिनट 50.85 सेकेंड के समय के साथ प्रकाश को सिर्फ 0.01 सेकेंड से पछाड़ा। तनीष मैथ्यू, चिंतन शेट्टी, दर्शन एस और अनीष गौड़ा की कर्नाटक की चौकड़ी ने सात मिनट 40.90 सेकेंड के साथ पुरुष चार गुणा 200 मीटर का खिताब जीता। दिल्ली की भव्या सचदेवा ने महिला 400 मीटर फ्रीस्टाइल, रेलवे की हर्षिता जयराम ने महिला 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और तमिलनाडु के दानुष सुरेश ने पुरुष 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक का खिताब अपने नाम किया। तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तभी माना जाता है जब यह राष्ट्रीय एक्वाटिव चैंपियनशिप के दौरान हासिल किया गया हो। अन्य प्रतियोगिताओं के समय को सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय कहा जाता है।

ग्लेन मैक्सवेल की टीम ने रचा इतिहास, लगाया जीत का चौका; फाफ डुप्लेसिस की तूफानी पारी पर फिरा पानी

नई दिल्ली, एजेंसी। ग्लेन मैक्सवेल की अगुआई वाली वाशिंगटन फ्रीडम ने मेजर क्रिकेट लीग-2025 (एमएलसी) के 13वें मैच में टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की। टीम की जीत के हीरो मिचेल ओवेन रहे। उन्होंने गेंद के बाद बल्ले से भी जलवा बिखेरा। सीजन में लगातार चौथी जीत के साथ वाशिंगटन फ्रीडम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर मजबूती के साथ खड़ी है। इस टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि लगातार दूसरी हार के बाद टेक्सास सुपर किंग्स तीसरे पायदान पर है।

डुप्लेसिस की सुपर किंग्स ने 20 ओवर में बनाए 220 रन

डलास में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी फाफ डुप्लेसिस की अगुआई वाली टेक्सास सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 220 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने की उतरी वाशिंगटन सुंदर ने 19.4 ओवर में 3 विकेट पर 223 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। इसके साथ ही उसने मेजर क्रिकेट लीग में सबसे सफल रन चेज का रिकॉर्ड अपने नाम किया। पिछला रिकॉर्ड 201 रन का था, जिसे इस सप्ताह की शुरुआत में एमआई न्यूयॉर्क ने सिएटल ऑर्कस के खिलाफ चेज कर बनाया था।

डुप्लेसिस और समित पटेल ने 28 गेंद में ही ठोक दिए थे 55 रन समित पटेल और कप्तान फाफ डुप्लेसिस की सलामी जोड़ी ने टेक्सास सुपर किंग्स को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने 4.4 ओवर में 55 रन की साझेदारी की। समित 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद फाफ डुप्लेसिस ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 31 गेंद में 4 छक्कों और 8 चौकों की मदद से 69 रन जड़े। उनके अलावा मार्कस स्टोइनिस ने 32 और मिलिंद कुमार ने 31 रन की पारी खेली। शुभम रंजन ने 10 गेंद में ताबड़तोड़ 26 रन जड़ते हुए टीम को 200 के पार पहुंचाया। वाशिंगटन फ्रीडम के मिचेल ओवेन ने 3 विकेट झटके। वहीं, ग्लेन मैक्सवेल को 2 और रचिन रविंद्र को 1 सफलता मिली।

मिचेल ओवेन और एंड्रीस गौस ने रखी जीत की नींव

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाशिंगटन फ्रीडम 38 के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन इसके बाद मिचेल ओवेन ने एंड्रीस गौस के साथ मिलकर टीम को जीत की राह पर लाए। मिचेल ओवेन (52 गेंद में 89 रन) और एंड्रीस गौस (45 गेंद में नाबाद 80 रन) वाशिंगटन फ्रीडम की जीत के मुख्य सूत्रधार रहे। ओवेन और गौस ने सुनिश्चित किया कि टेक्सास सुपर किंग्स के कप्तान फाफ डुप्लेसिस की तूफानी पारी पर पानी फिर जाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी हुई।

इंडिया-इंग्लैंडः अंग्रेजों पर बरसे सुनील गावस्कर, फैसले से नाराज

सचिन तेंदुलकर का नाम पहले क्यों नहीं?

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून को लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में हुआ था. भारत-इंग्लैंड के बीच यह सीरीज इस बार एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही है. क्रिकेट जगत के दो दिग्गजों जेम्स एंडरसन और सचिन तेंदुलकर के नाम पर इस ट्रॉफी का नामकरण किया गया है.

अब टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एवं महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने ईसीबी पर जमकर निशाना साधा है. गावस्कर इस बात से खुश नहीं हैं कि एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में जेम्स एंडरसन का नाम सचिन तेंदुलकर से पहले क्यों रखा गया.

दलील दी जा रही कि इस सीरीज का नाम वर्णमाला क्रम में रखा गया है, लेकिन गावस्कर ने इस तर्क को खारिज कर दिया है. सुनील गावस्कर का मानना है कि क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर की उपलब्धियां हर मामले में एंडरसन से ज्यादा है. गावस्कर ने भारतीय फैन्स से आग्रह किया कि वो मौजूदा सीरीज को तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी कहें. सुनील गावस्कर ने अपने

कॉलम में लिखा, ईसीबी को इस सीरीज को किसी भी नाम से पुकारने का पूरा हक है, लेकिन ज्यादातर भारतीय क्रिकेट फैन्स के लिए ये चौंकाने वाली बात है कि इसमें एंडरसन का नाम पहले आता है. कपिल देव के साथ-साथ सचिन तेंदुलकर ना केवल महानतम भारतीय क्रिकेटर हैं, बल्कि जेम्स एंडरसन से उम्र में 12 साल से भी ज्यादा बड़े हैं. उन्होंने आगे लिखा, जहां तक टेस्ट क्रिकेट में रनों और शतकों का सवाल है, तो सचिन तेंदुलकर नंबर-1 हैं, लेकिन वनडे इंटरनेशनल भी उन्होंने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं. एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं और उनका रिकॉर्ड वनडे क्रिकेट में तेंदुलकर जितना अच्छा नहीं है.

सुनील गावस्कर ने ईसीबी पर साधा निशाना

बता दें कि पहले भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के विजेता को पटौदी ट्रॉफी दी जाती थी, लेकिन इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मौजूदा सीरीज की शुरुआत से पहले नाम बदलने का फैसला किया. पटौदी ट्रॉफी देने की परंपरा 2007 में शुरू हुई थी, तब दोनों देशों के बीच इंग्लिश धरती पर खेले गए पहले टेस्ट मैच के 75 साल पूरे हुए थे.

घर पर वर्षों से आराम फरमाते मारसाब, भौकाल इतना कि खाते में वेतन पँहुचे बेहिसाब

पन्ना। शाहनगर विकासखण्ड अन्तर्गत वेतन घोटाले का मामला प्रकाश में आया है जिसमें शासकीय हाईस्कूल मैन्हा में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक बाल्मीक बागरी सन् 2019 से वर्तमान तक जनपद शिक्षा केन्द्र गुनौर में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक के पद पर प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है, किन्तु साहेब का भौकाल इतना है कि साहेब ना गुनौर में कार्यरत है और नाहि मैन्हा में, किन्तु महगाई के दौर में वेतन बेधड़क साहेब के खातें में वर्षो से डाली जा रही है। मामले की पडताल करने पर पता चला कि पूर्व प्रभारी प्राचार्य मैन्हा सुशील श्रीवास्तव, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी शाहनगर कमल सिंह व प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रागिनी तिवारी की चैकड़ी द्वारा आपस में हितलाभ साधते हुए यह खेल रचा गया, आपस में क्या समझौता या लेनदेन था यह अब भी रहस्यमयी बना हुआ है। मामले का खुलासा सूचना के अधिकार 2005 के तहत

जानकारी प्राप्त हाने पर हुआ, जिसमें शिकायतकर्ता ने पाया कि संबंधीजन को बगैर उपस्थिति के इन तीनों के द्वारा वेतन हितलाभ घर बैठे अनवरत बेरोकटोक पहुँचाया जा रहा था। जनपद शिक्षा केन्द्र गुनौर बीआरसीसी गणेश शंकर शर्मा ने बताया कि जनपद शिक्षा केन्द्र गुनौर की उपस्थिति पंजी में संबंधीजन के कई सालों से हस्ताक्षर है ही नहीं, बाल्मीक बागरी बगैर सूचना के अनुपस्थित है, और नाहि अभी तक कार्यालय से मुक्त हुए है, वा नाहि मेरे कार्यालय से संबंधीजन की वेतन हेतु उपस्थिति के माहवार कोई भी दस्तावेज शुरूवात से आज वर्तमान तक मैन्हा कार्यालय को जारी किए गए है। बगैर उपस्थिति के कैसे वेतन जारी होती रही है, यह किसी चमत्कार से कम नहीं। वहीं दूसरी ओर संकुल मैन्हा की वर्तमान प्रभारी प्राचार्य सुभाषिनी गुप्ता ने बताया कि उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार संबंधीजन मैन्हा में सन् 2019 से उपस्थित नहीं हैं किन्तु पूर्व प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव द्वारा नियमित वेतन भुगतान के बिल लगाकर लिपिक द्वारा डीडीओ विकासखण्ड शाहनगर भेजकर संबंधीजन को वेतन भुगतान की जाती रही है, जो आज भी लगातार जारी है, चूँकि शिकायकर्ता द्वारा उक्त मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है, जिस पर वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशन में कार्यवाही की जावेगी तथा कार्यालय में पदस्थ दोनों लिपिकों वा संबंधीजन को कारण बताओं सूचना पत्र भी जारी किए गए है।

उक्त मामले में शिकायतकर्ता द्वारा वरिष्ठ कार्यालयों में शिकायती आवेदन देकर संबंधित दोषियों के विरूद् आहरित वेतन की वसूली वा कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की मॉग की गई है तथा जब तक दोषियों के विरूद्व जॉच जारी रहे उन्हे निलंबित रखा जावे ताकि जॉच निष्पक्ष हो सके।

इनका कहना है

पूर्व प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव मैन्हा द्वारा संबंधीजन को अनवरत वेतन भुगतान की जाती रही है, मामला संज्ञान में आने के बाद वेतन भुगतान आगे नहीं किया जावेगा, वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशन में आगें कार्यवाही की जावेगी।

सुभाषिनी गुप्ता
संकुल प्राचार्य शास0हाई
स्कूल मैन्हा, पन्ना

संबंधीजन प्रतिनियुक्ति पर सन् 2019 से जनपद शिक्षा केन्द्र गुनौर पर कार्यरत है, जिस बावत् उनको वेतन भुगतान की जाती रही है, उपस्थिति की जानकारी लिपिकों को होगी।

सुशील श्रीवास्तव
पूर्व संकुल प्राचार्य
शास0हाई स्कूल मैन्हा, पन्ना

संबंधीजन प्रतिनियुक्ति पर सन् 2019 से जनवरी 2023 तक बीआरसीसी गुनौर में पदस्थ थे, कर्मचारियन उपस्थिति पंजी में जनवरी 2023 के बाद हस्ताक्षर नहीं है, और नाहि उनका कोई रिकार्ड उपलब्ध है। वर्तमान में भी वह इस कार्यालय से कार्यमुक्त नहीं हुए है वा बगैर सूचना के जनवरी 2023 से अनुपस्थित है।

गणेश शंकर शर्मा
बीआरसीसी
जनपद शिक्षा केन्द्र, गुनौर

एडवोकेट अंकित शर्मा के साथ पार्षद पति रवि पांडे ने की मारपीट कोतवाली थाना में मामला दर्ज

पन्ना। एडवोकेट तथा कांग्रेस नेता अंकित शर्मा ने कोतवाली पन्ना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मैं दिनांक 20 जून को रात्रि लगभग 10ः45 बजे कड़ा पान भंडार पर खड़ा था तथा पान खाकर घर जाने वाला था इस दौरान नगर पालिका वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद के पति रवि पांडे पिता राम भुवन पांडे आए एवं बिना किसी करण के बहस करने लगे एवं गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई लोगों द्वारा बीच बचाव किया गया उसके द्वारा दोबारा फिर से बाल्टी उठाकर मारपीट करने का प्रयास किया गया एवं जान से मारने की धमकी दी गई जिसकी शिकायत अंकित शर्मा द्वारा कोतवाली पन्ना में कि गई कोतवाली पुलिस ने 21 जून को,, संबंधित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है जिसमें धारा 115 296, 351 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है ज्ञात हो नगर पालिका पन्ना में पतियों का बोलबाला है अध्यक्ष पति पार्षद पति आदि नगर पालिका का संचालन कर रहे हैं क्योंकि नगर पालिका पन्ना में दो दर्जन से अधिक महिलाएं पार्षद बनी हैं लेकिन महिलाओं के स्थान पर पतियों द्वारा ही कार्य किया जा रहा है तथा उनकी दबंगई नगर पालिका में चल रही है बताया जाता है कि अंकित शर्मा द्वारा नगर पालिका में लगातार हो रहे भ्रष्टाचार तथा धर्म सागर तालाब से मिट्टी निकालने लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली गई थी जिसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष के पति तथा अन्य पार्षद नाराज हैं उसी को लेकर यह विवाद बताया जा रहा है वहीं दूसरी और भाजपा नेता तथा पार्षद पति रवि पांडे के द्वारा भी अंकित शर्मा के खिलाफ कोतवाली थाना मामला दर्ज कराया गया है

इनका कहना है

दोनों पक्षों के द्वारा एक दूसरे के खिलाफ मारपीट तथा गाली गलौज का मामला दर्ज किया गया है फिलहाल जांच चल रही है

रोहित मिश्रा नगर निरीक्षक
कोतवाली पन्ना

बिजली की आंख मिचौली, तथा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही से आम जनता परेशान

पन्ना। वर्तमान समय में बिजली विभाग की लापरवाही से आम जनता भारी परेशान है लगातार अघोषित बिजली कटौती एवं बिजली आंख मिचौली से लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है क्योंकि वर्तमान समय में भारी गर्मी एवं उमस होने के कारण बिना कूलर पंखा के लोगों का उठना बैठना सोना मुश्किल है साथ ही इस मौसम में जहरीले कीड़े सांप बिच्छू आदि निकलते हैं जो लोगों को हानि पहुंचते हैं तथा आए दिन दुर्घटना घटित हो रही है भारी भरकम बिजली बिल देने के बावजूद व्यवस्था में बेहतर सुधार नहीं है ग्रामीण क्षेत्र की बात अलग है जिला मुख्यालय की भी यही स्थिति है लोगों द्वारा बताया गया यदि किसी कारणवश बिजली व्यवस्था बिगड़ जाती है विद्युत मंडल कार्यालय फोन लगाओ कोई उठाता नहीं है यदि कोई कर्मचारी फोन उठाता है तो वह कहता है कि हमारे पास अभी स्टाफ नहीं है प्राइवेट कर्मचारियों से काम कर लो इस प्रकार की व्यवस्था चल रही है कनिष्ठ यंत्री राहुल बिरला कार्यप्रणाली भी जनहित कारी नहीं है जिससे आम जनता की समस्या में सुधार हो सके।

जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 जून को

पन्ना। गृह विभाग के आपदा प्रबंधन संस्थान के निर्देशानुसार जेंडर संवेदनशीलता एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर जिला प्रशासन के समन्वय एवं यूएन वीमेन इंडिया के तत्वाधान में बुधवार, 25 जून को सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक मड़ला के एमपीटी होटल में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिला कलेक्टर ने एक दिवसीय कार्यक्रम के लिए संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम को नोडल अधिकारी बनाया है, जबकि संबंधित विभागीय अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा भी आवश्यक सहयोग व समन्वय किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि आपदा प्रबंधन की तैयारी एवं प्रतिक्रिया प्रणालियों में जेंडर समानता, सामुदायिक लचीलापन एवं विभागीय समन्वय की प्राथमिकता अनुसार गत दिवस राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ था। इस क्रम में स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं संवेदनशील समुदायों से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

इसके पूर्व ग्राम भ्रमण कार्यक्रम के तहत सोमवार, 23 जून को आपदा प्रबंध संस्थान एवं यूएन वीमेन के अधिकारियों द्वारा सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक ग्राम लक्ष्मीपुर का भ्रमण कर महिलाओं, युवाओं एवं समुदाय के अन्य सदस्यों से आपदा जोखिम, तैयारी और जेंडर आधारित आवश्यकताओं पर संवाद किया जाएगा।

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया 24 जून को पन्ना आएंगे

पन्ना। मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया मंगलवार, 24 जून को सुबह 8 बजे सकौर से प्रस्थान कर पन्ना आएंगे। आयोग अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया 11 बजे पन्ना में पिछड़ा वर्ग छात्रावासों का निरीक्षण कर दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे एवं शाम 5 बजे छतरपुर रवाना होंगे।

विद्यालयों की मान्यताओं में लंबा खेल, जिला शिक्षा केंद्र में मोटी रकम लेकर जारी की गई मान्यताएं

कुछ विद्यालयों मेंफर्जी एफ डी लगाकर जारी की मान्यता

पन्ना। जिले में निजी स्कूलों को मान्यता जारी करने में जिला शिक्षा केंद्र द्वारा जमकर वसूली करने का मामला सामने आया है अनेक विद्यालयों की जांच अधीनस्थ अमला के द्वारा टीम बनाकर कराई गई जिसमें भारी अनियमितताएं सामने आई थीं तथा संबंधित जांच टीम द्वारा मान्यता न देने की अनुशंसा की गई थी लेकिन जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय द्वारा टीम की टीप को दर किनार करते हुए मनमानेढंग मान्यता जारी कर दी गई तथा पूरे जिले के निजी विद्यालयों से भारी वसूली की गईं तथा सारे नियम कानून जांच टीमों की रिपोर्ट दरकिनार करते हुए फीलगुड होते

ही सभी कमियां दर किनार करते हुए मान्यताएं फटाफट जारी कर दीं है। इसी प्रकार का मामला देवेंद्र नगर का सामने आया है जहां पर बड़ा गांव स्थित मिलेनियम पब्लिक स्कूल की जांच जिला शिक्षा केंद्र द्वारा कराई गई थी जिसमें जांच टीम द्वारा तीन बिंदुओं को लेकर मान्यता जारी न करने की रिपोर्ट दी गई थी लेकिन उसके बाद जिला शिक्षा केंद्र द्वारा मान्यता जारी कर दी गई जबकि उक्त विद्यालय द्वारा फर्जी एफ डी नलगाकर खानापूर्ति कर ली गई बताया जाता है कि अन्य किसी स्कूल की एफ डी मिलेनियम पब्लिक स्कूल बड़ागांव के नाम लगाकर मान्यता हासिल की गई है इस प्रकार का फर्जीवाड़ा किया गया है तथा जिला शिक्षा केंद्र के डीपीसी द्वारा धड़ाधड़ वसूली करके मान्यताएं जारी की है स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर से संबंधित मामलों की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

पन्ना। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पन्ना जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त 13 पद एवं सहायिका के 328 रिक्त पद पर भर्ती के लिए एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार चयन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विगत 20 जून से आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ है। महिला आवेदकों द्वारा पोर्टल पर आगामी 4 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है, जबकि आवेदन में संशोधन की तिथि 7 जुलाई निर्धारित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि परियोजना अजयगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के क्रमशः 3 एवं 85, गुनौर में 2 एवं 51, पन्ना ग्रामीण में 3 एवं 73, पवई में 1 एवं 65 तथा शाहनगर में कार्यकर्ता के 4 एवं सहायिका के रिक्त 49 पद पर भर्ती की जाना है, जबकि पन्ना शहरी परियोजना अंतर्गत कार्यकर्ता के एक भी पद रिक्त नहीं हैं, केवल वार्डवार आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त सहायिका के 5 पद पर भर्ती की जाएगी।

शैक्षणिक योग्यता, आयु एवं अन्य नियम निर्देशों की जानकारी के लिए पोर्टल का अवलोकन किया जा सकता है। कार्यालयीन दिवस एवं समय पर कलेक्ट्रेट स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी अथवा परियोजना कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

पड़ोसी ने महिला को बेरहमी से पीटा, फिर घर में किया बंद, तमाशा देखते रहे लोग

सतना। मैहर कोतवाली क्षेत्र के वार्ड 21 गोविंदनगर में सनसनीखेज घटना सामने आई। एक युवक ने पड़ोस में रहने वाली महिला को अकेला पाकर उसके घर में घुसकर मारपीट की और फिर बाहर से ताला लगाकर फरार हो गया। पीड़ित महिला हीराबाई शुक्ला (56) करीब दो घंटे तक कमरे में बंद रही।

जानकारी के अनुसार, सुबह 5 बजे आरोपी संतोष ढीमर महिला के घर में घुसा, उसके साथ मारपीट की और धमकी देते हुए बाहर से ताला लगाकर चला गया। भागते समय उसने पड़ोसियों को

धमकाया कि जो भी ताला तोड़कर महिला को निकालेगा, उसका भी यही हाल होगा। इससे डरे पड़ोसियों ने ताला नहीं तोड़ा। इस दौरान हीराबाई चीखती-चिल्लाती रहीं और पानी के लिए पुकार लगाई। तब कुछ दूरी पर रहने वाली एक बच्ची ने खिड़की से उन्हें पानी पिलाया। सूचना पर आखिरकार सुबह 7 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और ताला तोड़कर महिला को बाहर निकाला।

पुलिस ने बताया कि हीराबाई और आरोपी के बीच पहले से रंजिश थी। आरोपी की बेटी के लापता होने पर उसने हीराबाई के नाती पर उसे भगाने का आरोप लगाया था, जिसके चलते पहले भी विवाद हो चुका है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी संतोष के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और धमकी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर नोटिस जारी

पन्ना। लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 अंतर्गत योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर तीन ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रैकरा, पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गौरा एवं अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मोहाना के सचिव शामिल हैं।

जिला योजना अधिकारी एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी लोक सेवा गारंटी अल्का रजनी दास द्वारा अधिनियम की धारा 5(2) के उल्लंघन पर धारा 6 के तहत स्वप्रेरणा के आधार पर संज्ञान लेकर नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई है। इस संबंध मे तीन दिवस के भीतर संबंधित सचिव से अधिनियम के 7.1 (क) के प्रावधान अनुसार 500 रूपए प्रति आवेदन के मान से शास्ति अधिरोपित करने के संबंध में प्रतिवेदन चाहा गया है। जबाव संतुष्टिपूर्ण न होने एवं भविष्य में समय सीमा बाह्य लंबित आवेदन पाए जाने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

प्रेक्षक से कर सकते हैं संपर्क

पन्ना। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए नियुक्त प्रेक्षक राजा सिंह परिहार पन्ना पहुंच गए हैं। प्रेक्षक श्री परिहार सर्किट हाउस पन्ना में ठहरे हैं। उप चुनाव के संबंध में कोई भी व्यक्ति अथवा दल के प्रतिनिधि सर्किट हाउस में प्रेक्षक से संपर्क कर सकते हैं। प्रेक्षक के मोबाइल नंबर 9406621016 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

अतिक्रमण की चपेट में 17 स्मारक

सतना। सतना जिले में राज्य संरक्षित पुरातात्विक स्मारकों पर अतिक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। दूर-दराज इलाकों में स्थित होने और जनता से सीधा जुड़ाव न होने के कारण इन स्मारकों पर लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय ने सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस को अवगत कराया है, जिसके बाद कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को स्मारकों की सूची सहित अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। पुरातत्व संचालनालय को विभिन्न जिलों से स्मारकों पर अतिक्रमण की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। ऐसा ही एक मामला टीकमगढ़ जिले में सामने आया था, जहां आस्तीन की गढ़ी के पहुंच मार्ग पर लोगों ने दीवार बना दी थी, जिससे स्मारक का अनुरक्षण और विकास कार्य रुक गया था। संचालनालय ने तुरंत टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रीतिय को इसकी जानकारी दी, जिन्होंने तत्काल अतिक्रमण हटवा दिया। इस घटना का उदाहरण देते हुए सचिव संस्कृति आयुक्त उमिला शुक्ला ने सतना कलेक्टर को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विरासत स्थलों के संरक्षण के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। उन्होंने जोर दिया कि पुरातत्व संचालनालय के तहत आने वाले स्मारक हमारी समृद्ध विरासत की धड़कन हैं और उनकी सुरक्षा हमारा संवैधानिक दायित्व है। सचिव शुक्ला ने सतना के पुरातात्विक स्मारकों की सूची के साथ बताया कि इनमें से कई स्मारकों पर स्थानीय स्तर पर अतिक्रमण हो चुका है। लिहाजा, उन्होंने कलेक्टर को सभी स्मारकों का सर्वे कराकर टीकमगढ़ कलेक्टर की तर्ज पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सचिव संस्कृति आयुक्त उमिला शुक्ला ने जिले में स्थित 17 राज्य संरक्षित पुरातात्विक स्मारकों की एक विस्तृत सूची कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस को भेजी है। इसमें उचेहरा तहसील के पतियानदाई मंदिर बांधी मौहार, प्राचीन टीला अटरिया खोह, मैहर तहसील के गोला मठ (प्राचीन शिव मंदिर) मैहर, शिव मंदिर मड़ई, नागौद तहसील स्थित कुंवर मठ जसो, जालपा देवी मंदिर जसो, प्राचीन मूर्ति अवशेष उमरिहा, मंदिर समूह (प्राचीन विष्णु मंदिर) देवगुना, अमरपाटन तहसील स्थित गढ़ी अमरपाटन, देवी मंदिर बछरा, रामपुर बाघेलान तहसील स्थित प्राचीन गढ़ी खरवाही, रघुराजनगर तहसील स्थित शिवमंदिर पाथर कछार, मझगवां तहसील स्थित यज्ञवेदी स्थल सरभंगा, शैलोत्कीर्ण गणेश प्रतिमा व ब्रह्मकुण्ड के समीप के मंदिर व छतरी सरभंगा, महावीर पहाड़ी का हनुमान मंदिर सरभंगा, वृद्धाश्रम के पीछे का शिव मंदिर सरभंगा और शैलोत्कीर्ण चामुण्डा सांवर पहाड़ी सरभंगा शामिल है।

एमपी में 7 महीने बाद पकड़ाई धोखाधड़ी की 'लेडी मास्टरमाइंड

सतना। मध्यप्रदेश के मैहर में कोतवाली पुलिस ने एक धोखाधड़ी के मामले में आरोपी महिला पूजा मिश्रा को अमरपाटन में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। पूजा पर अपने नौकर को अंधेरे में रखकर उसके दस्तावेजों के जरिए कार फाइनेंस कराकर दूसरे व्यक्ति को बेचने का आरोप है। इस मामले में पूजा मिश्रा और उसके दो भाई आरोपी हैं। जिनमें से एक भाई पहले ही गिरफ्तार हो चुका है जबकि पूजा की अब गिरफ्तारी हुई है। एक भाई अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि मैहर की पुरानी बस्ती निवासी फरियादी समीर खान ने बीते साल 23 नवंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि धौरहरा निवासी पूजा मिश्रा ने अपने भाइयों विपिन

तिवारी और विवेक तिवारी के साथ मिलकर 6.5 लाख रुपए में एक कार का सौदा किया था। आरोपियों ने रकम तो ले ली, लेकिन यह कहकर कार नहीं सौंपी कि फाइनेंस की किस्तें चल रही हैं। किस्त पूरी होने के बाद ही कार दी जाएगी। कुछ दिनों बाद समीर को ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद उसने मैहर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की जांच में सामने आया कि कार संजय साकेत के नाम पर फाइनेंस कराई गई थी जो पूजा मिश्रा के पेट्रोल पंप पर कर्मचारी था, जिसे वह अमरपाटन में किराए पर चलाती है। आरोपियों ने संजय के दस्तावेजों का चोरी-छिपे इस्तेमाल कर कार फाइनेंस करा ली थी। मैहर पुलिस ने इस मामले में डेढ़ महीने पहले पूजा के एक भाई विपिन तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दूसरा फरार आरोपी विवेक तिवारी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पूजा से आगे की पूछताछ की जा रही है। पुलिस को ये भी पता चला है कि सौदा और लिखापढ़ी के दौरान पूजा अपने भाई विवेक तिवारी को संजय साकेत बनाकर समीर के सामने लाई थी। विवेक ने संजय साकेत के नाम से हस्ताक्षर भी किए थे। हैरानी की बात ये है कि जिस संजय साकेत के नाम पर कार खरीदी गई गई उसे खुद इसका पता तब चला जब फाइनेंस कंपनी के बाउंसर उसके पास पहुंचे जिसके बाद उसने भी पुलिस में शिकायत की थी।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 24 जून 2025 | 8

भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आज नेहरू नगर स्थित योग आश्रम में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक मानवाधिकारों की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करना तथा योग और नैतिक मूल्यों के माध्यम से सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था।

टीएल बैठक में निगम आयुक्त ने जताई सख्ती

अवैध कॉलोनियों व जनसमस्याओं पर दिए कड़े निर्देश

रीवा। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा दिनांक 23 जून को निगम सभागार में विभागीय टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित टीएल पत्रों, अवैध कॉलोनियों, जल गंगा संवर्धन, माई रीवा सिटीजन ऐप एवं सोशल मीडिया से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने साईं मंदिर के पास भिक्षावृत्ति कर रहे व्यक्तियों का सर्वे कर सूची तैयार करने एवं जिनके पास परिवार व निवास है, उन्हें वहां भेजने तथा भरण-पोषण नियम के अंतर्गत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शेष लोगों पर सामाजिक न्याय व राजस्व विभाग के समन्वय से कार्यवाही करने को कहा। सार्वजनिक संपत्ति में छेड़छाड़ हेतु संपत्ति विरूपण एवं अवैध वॉल पेंटिंग इत्यादि पर आउटडोर नियम के तहत कार्यवाही करें। कहीं भी कुछ भी पेंट करने वालों

एवं बिलबोर्ड पेस्ट कर शहर की सुंदरता से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। वार्ड 15 की मुक्तिधाम योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही जोन ऑफिस का प्लान तैयार करने को कहा। नालियों के सही से इंटरलिंकिंग न होने एवं जलप्लावन की समस्या पर कहा कि अन्य निर्माण एजेंसी से भी समन्वय कर नाली कार्य का सुपरविजन सुनिश्चित करें क्योंकि शहर में पानी निकासी की समस्या पर नगर निगम को कार्य करना पड़ता है। आवारा पशुओं की शिकायत पर कहा कि अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने की कार्यवाही करें एवं ऐरा छोड़ने वालों के पशुओं को जब्त कर कार्यवाही करें। सब्जी मंडी की अव्यवस्था पर कहा कि छोटे फुटकर दुकानों के लिए स्थल चिन्हित कर जोनवार शिफ्ट करने की योजना बनाए, जिससे पुरानी सब्जी मंडी की व्याप्त समस्या से निजात मिल सके एवं छोटे दुकानदारों की व्यवस्था भी हो सके। नाले पर अतिक्रमण पर सख्त निर्देश दिए कि नाले का सीमांकन कराकर नियमानुसार कार्यवाही करें। वर्षा ऋतु में सूखे गिरने की हालत में आए वृक्षों को चिन्हित कर हटाने के निर्देश दिए एवं जर्जर भवन चिन्हित कर हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अवैध कॉलोनी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि 2016 के पूर्व सार्वजनिक भूमि रिक्त न छोड़ने वाली कॉलोनियों के दावा-आपत्ति के बाद नियमानुसार वसूली अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए। चिन्हित अवैध कॉलोनी पर सख्ती के साथ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गए एवं जोन 3 में अपेक्षित एफआईआर की कार्यवाही न होने पर ईई एवं सहायक यंत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी अवैध कॉलोनी छूटनी नहीं चाहिए, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। साथ ही निर्देशित किया कि जिनकी अनावश्यक 1 महीने से अधिक टीएल पत्र लंबित होती है, उनकी एक वेतनवृद्धि रोकी जाए। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह, श्री एचके त्रिपाठी, उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी, श्री एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त श्री रामनरेश तिवारी, सुश्री शीतल भलावी, सहायक यंत्री श्री एसके गर्ग, श्री अम्बरीष सिंह, श्री राजेश मिश्रा, श्री पीएन शुक्ला, श्री अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री मुरारी कुमार, सहायक राजस्व अधिकारी श्री रावेंद्र सिंह, श्री नीलेश चतुर्वेदी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संकल्प : जनार्दन

रीवा। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रीवा जिले के सभी मतदान केदो में वृक्षारोपण एवं विचार गोष्ठी करके श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व परप्रकाश डाला गया संभागीय कार्यालय में विचार गोष्ठी में पुष्पांजलि अर्पित कर वरिष्ठ नेताओं नेकार्यकर्ताओं को संबोधित किया। रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नहीं होते तो आज जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग नहीं होता। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति का जो संकल्प लिया था, उसे भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने पूरा किया है। देश के स्वतंत्रता के लिए तो हजारों लोगों ने अपना बलिदान दिया, लेकिन आजाद भारत में जम्मू-कश्मीर में तिरंगा फहराने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। रीवा सांसद ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बाल काल से ही राष्ट्र प्रेमी

और स्वावलंबी स्वभाव के थे निज भाषा निज भोजन निज संस्कृत के रक्षक के रूप में उन्होंने काम किया.ना तो मुस्लिम विरोधी थे और ना ही जापान के समर्थक थे वह सच्चे अर्थों में राष्ट्रभक्त और भारत माता के सच्चे सपूत थे उन्होंने देश में जनसंघ की स्थापना करके जन-जन में राष्ट्र प्रेम को अभिभूत करने का काम किया है

भाजपा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि हम सभी के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारधारा, उनका साहस और बलिदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। आजादी के बाद जब देश में पं. जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व वाली सरकार बनी, तो उस सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा-370 लगा दी। इसके चलते कश्मीर का प्रधानमंत्री, वहां का संविधान और वहां का ध्वज अलग हो गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान का विरोध किया। यही नहीं, बल्कि इस धारा ने वहां के दलित भाईयों को भी उनके अधिकारों से वंचित कर दिया। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने धारा-370 का विरोध किया। उन्होंने नेहरू सरकार से इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की। धारा-370 के विरोध में किए जा रहे आंदोलन के चलते सरकार ने उन्हें जेल में डाल दिया, जहां संदेहास्पद परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने ही भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी, वही जनसंघ आज विश्व के सबसे बड़े व सर्वव्यापी राजनैतिक दल भाजपा के रूप में आप सबके सामने है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने कश्मीर से धारा-370 हटा कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संकल्प को पूरा किया है।

मिट्टी के पोषक तत्व और गुण बताता है मृदा स्वास्थ्य कार्ड

रीवा। भारत सरकार द्वारा स्वाइल हेल्थ कार्ड यानी मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत किसान सिंचित क्षेत्र में 2.5 एकड़ तथा अंसिचित क्षेत्र में 10 एकड़ क्षेत्र से मिट्टी का नमूना लेकर उसकी जाँच कराते हैं। यह जाँच कृषि विभाग द्वारा की जाती है। कृषि विभाग द्वारा मिट्टी के नमूने लिए जाने पर इसकी जाँच पूरी तरह से निःशुल्क रहती है। यदि किसान स्वयं सेंपल लेकर जाता है तो मिट्टी के नमूने की जाँच के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति के किसान को तीन रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसान को पाँच रुपए प्रति नमूना शुल्क देना होता है। मिट्टी में माइक्रो न्यूट्रेंट की जाँच कराने के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों को 30 रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसानों को 40 रुपए शुल्क देना होता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसान को उसके खेती की मिट्टी के गुणों तथा पोषक तत्वों की जानकारी मिलती है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि मिट्टी के पोषक तत्व के आधार पर किसान को उचित फसल की सलाह दी जाती है। मिट्टी में यदि पोषक तत्व की कमी है तो उसके अनुरूप उर्वरक के उपयोग का सुझाव दिया जाता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसान के खेत की मिट्टी का रिपोर्ट कार्ड है। इस कार्ड में किसान का नाम, सर्वे नम्बर, खेत का रकबा आदि लिखा रहता है। प्रत्येक तीन साल में मिट्टी की जाँच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दर्ज कराना आवश्यक है। हर किसान अपने प्रत्येक खेत की मिट्टी की जाँच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड अवश्य बनवाएं। इससे सही फसल के चयन, खाद के संतुलित उपयोग और जल प्रदूषण से बचाव में सहायता मिलती है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

रीवा। जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओं और छात्रों को हो रही समस्याओं के विरोध में आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रीवा नगर इकाई ने जिला शिक्षा अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा।

विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि कुछ विद्यालय मनमानी फीस वसूल रहे हैं और पात्र छात्रों को प्रवेश से वंचित किया जा रहा है। इसके अलावा, कई स्कूलों में आरक्षित वर्ग के छात्रों को नियमों के अनुसार प्रवेश नहीं दिया जा रहा है, जिससे अभिभावकों और छात्रों में भारी असंतोष है। ज्ञापन सौंपते समय परिषद के नगर मंत्री हर्ष साहू

ने कहा, शिक्षा का अधिकार सभी छात्रों का मौलिक अधिकार है। यदि विद्यालयों द्वारा मनमानी की जाती रही तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन के लिए बाध्य होगी। तथा इसकी पूर्ण जवाबदारी प्रसासन की होगी ।उन्होंने कहा कि कुछ विद्यालयों में बिना किसी नियम या पारदर्शिता के छात्रों से पैसे लेकर प्रवेश दिया जा रहा है, जो पूरी तरह से अनुचित और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला है।

हर्ष साहू ने कहा कि शिक्षा का व्यवसायीकरण नहीं होना चाहिए। सरकारी या सहायता प्राप्त विद्यालयों में पारदर्शी प्रक्रिया के तहत ही दाखिले होने चाहिए, लेकिन वर्तमान में कई मामलों में देखा गया है कि प्रबंधन पैसे लेकर छात्रों को प्राथमिकता दे रहा है। इससे मेधावी व आर्थिक रूप से कमजोर छात्र पीछे छूट रहे हैं।

एबीवीपी के जिला संयोजक पी एन पांडे ने बताया कि कई विद्यालयों में अभी तक पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई है, जिससे छात्रों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि संबंधित विभाग जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरे और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए।

जिला शिक्षा अधिकारी ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया और संबंधित विद्यालयों से स्पष्टीकरण मांगा जाने की बात कही।

ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से जिला संयोजक पी एन पांडे , विभाग छात्रा प्रमुख कृति तिवारी, नगर मंत्री हर्ष साहू, वि वि मंत्री लव पांडे,आयुष शुक्ला,आशीष द्विवेदी, अनुराग द्विवेदी, शशांक, देवांशी, विनय गौतम, ओमकार जायसवाल , शिवेश आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मऊगंज में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

मऊगंज। मऊगंज जिले में वर्षाकाल के दौरान जल भराव, पानी निकासी, बाढ़ की स्थित पर निगरानी रखने तथा राहत एवं सहायता तथा बाढ़ राहत प्रबंधन हेतु जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट मऊगंज में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे काम करेंगा। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता को बनाया गया है। उनका मोबाइल नंबर 9993887923 है। इसके साथ ही सहायक प्रभारी अधिकारी शिवप्रसाद नामदेव सहायक अधीक्षक भूअभिलेख होगें जिनका मोबाइल नंबर 9329319981 है तथा इनके सहयोग के लिए अमित कुमार नामदेव कम्प्यूटर आपरेटर मोबाइल नंबर 7240898979 को नियुक्त किया गया है। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष में सुबह की पाली में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक सौरभ मिश्रा मोबाइल नंबर 9302771971 एवं रामजी तिवारी मोबाइल नंबर 9201027597 को नियुक्त किया है। जबकि दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रेमप्रकाश मिश्रा मोबाइल नंबर 9755114666 तथा अव्यत अवधिया मोबाइल नंबर 9098085219 की ड्यूटी लगायी है। इसी प्रकार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक भानू प्रताप सिंह मोबाइल नंबर 9977528094 एवं मिथिलेश प्रसाद तिवारी मोबाइल नंबर 920353261 को नियुक्त किया गया है। रिजर्व के तौर पर मुन्नालाल साकेत मोबाइल नंबर 9752862336 तथा सुनील प्रताप सिंह मोबाइल नंबर 8461803880 एवं वीरेन्द्र कुमार मिश्रा मोबाइल नंबर 9553385226 को रखा गया है।

कलेक्टर ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष में दैनिक जानकारी पंजी में संधारित कर अपर कलेक्टर/डिप्टी कलेक्टर को प्रेषित करने के निर्देश दिये हैं।

स्वीप गतिविधियों का सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार के निर्देश

रीवा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी स्वीप गतिविधियों का सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किये जाने के निर्देश दिये हैं। उप मुख्यमंत्री निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले में होने वाली निर्वाचन संबंधी समस्त गतिविधियों का प्रिंट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जिला स्तर पर प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिये हैं।

भाजपा की सरकार ने पूरा किया डॉ. मुखर्जी का संकल्पः राजेंद्र

मऊगंज के सभी मतदान केन्द्रो में वृक्षारोपण के साथ मनाया गया बलिदान दिवस

मऊगंज। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने खटखरी मंडल के बूथ क्रमांक 197 में कार्यकर्ताओं के साथ बलिदान दिवस में उपस्थित हुए उन्होंनेडॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्य स्मरण करते हुएकहा कि डॉ. मुखर्जी ने धारा 370 के खिलाफ आंदोलन किया, जिसके चलते उन्हें जेल भेज दिया गया और जेल में ही डॉ. मुखर्जी की हत्या कर दी गई। श्री शर्मा ने कहा कि श्रद्धेय अटलजी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी, लेकिन पार्टी को बहुमत प्राप्त नहीं था, इसलिए धारा 370 को हटाया नहीं जा सका। जब 2019 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी, जब धारा 370 हटाने को लेकर संसद में बहस चल रही थी, तब कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों ने कहा था कि अगर धारा 370 हटाई गई, तो देश टूट जाएगा, कश्मीर जल जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने धारा 370 हटा दी। उन्होंने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को इस बात पर गर्व होना चाहिए कि हम उस भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है

भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत रीवा जिले के लिये लक्ष्य आवंटित

रीवा। भगवान बिरसामुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के लिये जिले का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवान बिरसा मुण्डा योजना के लिये 15 तथा टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के लिये 78 प्रकरणों का लक्ष्य नियत किया गया है। जिले के बैंकों के लिये लक्ष्य का पुर्नवंटन कर ऋण प्रकरणों की समय सीमा में स्वीकृति जारी करने की अपेक्षा बैंकर्स से की गई है। भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में उद्योग इकाई विनिर्माण हेतु एक लाख से 50 लाख की परियोजनायें एवं सेवा इकाई व खुदरा व्यवसाय हेतु एक लाख रूप्ये से 25 लाख तक की परियोजनायें एवं 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 7 वर्ष तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर त्रैमासिक दिया जायेगा। गारंटी फीस म.प्र. शासन द्वारा देय होगी। इसके लिये आवेदक जिले का निवासी हो, आवेदक अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, आवेदक वर्तमान में राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही न हो। आवेदक स्वयं किसी बैंक अथवा किसी वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो। पात्रता धारी आवेदक एमपी आनलाइन के पोर्टल के माध्यम से उक्त योजनाओं में आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय कलेक्टर जनजातीय कार्य विभाग रीवा में संपर्क किया जा सकता है।

रोजगार परक शिक्षा हेतु एमसीयू में पढ़ाई सर्वश्रेष्ठ विकल्प : शुक्ल

प्रवेश तिथि अब 10 जुलाई तक

रीवा। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने इस बात पर जोर दिया कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का सैद्धांतिक और व्यवहारिक शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के लिए सौ प्रतिशत प्लेसमेंट की दिशा में प्रयास करें। रीवा परिसर में पठन-पाठन की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि यह युग मीडिया व जनसंचार का है और इस क्षेत्र में मेधावी छात्रों के लिए अकूत संभावनाएं हैं। विश्वविद्यालय का रीवा परिसर शिक्षण संस्थाओं की अधोसंरचना व संसाधनों की दृष्टि से श्रेष्ठ प्रकल्प है। इस संस्थान का ज्यादा से ज्यादा लाभ विद्यार्थियों मिलना चाहिए। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ला ने रीवा परिसर की

अत्याधुनिक टीवी स्टूडियो शीघ्र ही प्रारंभ होने वाले रेडियो कर्मवीर के बारे में जानकारी ली। विश्वविद्यालय के एडजंक्ट प्रोफेसर एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रोफेसर जयराम शुक्ल ने उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ला को यहां संचालित किए जा रहे सभी पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। श्री शुक्ला ने बताया कि माखनलाल विश्वविद्यालय के स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की विशेषता यह है कि यहां के छात्र यदि पत्रकारिता व जनसंचार से इतर भी अपना कोई करियर चुनना चाहते हैं तो मध्यप्रदेश व देश की पीएससी, यूपीएससी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो सकते हैं। पत्रकारिता व जनसंचार की शिक्षा प्रतियोगी परीक्षाओं में सामान्य ज्ञान की दृष्टि से और भी उपयोगी होगी। श्री शुक्ला ने कहा जो छात्र बीए, बीएससी बीकॉम पढ़ना चाहते हैं, उनके लिए बीए (जनसंचार) बीएससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) बीसीए, एमए (जनसंचार) एमए (पत्रकारिता), एमएससी (इलेक्ट्रानिक मीडिया) जैसे कोर्स बेहतर विकल्प हैं। इसी तरह किसी भी विषय के स्नातक, माखनलाल विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को अपनाकर अपना करियर विशिष्ट बना सकते हैं।

विश्वविद्यालय के रीवा परिसर के निदेशक डॉ.सतेंद्र डेहरिया ने इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जी को जानकारी दी कि विश्वविद्यालय में प्रवेश की तिथि 10 जुलाई तक बढ़ाई गई है। डॉ. डेहरिया ने बताया कि हम शीघ्र ही बीबीए और एमबीए पाठ्यक्रम भी प्रारंभ करने जा रहे हैं। विषय विशेषज्ञों की अंतिम स्वीकृति के बाद अगले सत्र से यह पाठ्यक्रम शुरू होने की संभावना है। ग्रामीण जनसंचार की जरूरत को देखते हुए शीघ्र ही विश्वविद्यालय का अपना रेडियो स्टेशन रेडियो कर्मवीर आन एयर होगा।

सहायक कुलसचिव प्रशासन विवेक शाक्य ने इस अवसर पर जानकारी दी कि परिसर के विस्तार स्वरूप गर्ल्स हॉस्टल जिम्नेजियम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। छात्रों की सुविधा हेतु सुव्यवस्थित कैंटीन का शुभारंभ इसी सत्र से प्रारंभ कर दिया जाएगा विश्वविद्यालय में 24 जुलाई को व्यापक स्तर पर हरियाली महोत्सव मनाया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833